


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com
वर्ष- 13, अंक - 196
भिलाई, बुधवार 4 मई 2022
पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## खास खबर

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़: नक्सलियों ने घात लगाकर किया जवानों पर हमला, एक जवान शहीद

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के बॉर्डर इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। इसके बाद नारायणपुर से बैकअप पार्टी को भी मौके के लिए रवाना किया गया है। बताया जा रहा है कि इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों ने घात लगाकर जवानों पर हमला किया है।

जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रावती नदी के पार स्थित अबूझमाड़ इलाके में तुलार गुफा के पास भारी संख्या में माओवादी मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर नारायणपुर से जवानों की टीम को मौके के लिए निकाला गया था। जब जवान गुफा की तरफ पहुंचे तो यहां पहले से ही घात लगाए बैठे माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला लिया है।

दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी में डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। शहीद जवान का नाम सालिक राम है जो कांकेर जिले का रहने वाला था। जिस इलाके में मुठभेड़ चल रही है वो नक्सलियों का कोर इलाका है। फिलहाल अंदरूनी और संवेदनशील इलाका होने की वजह से ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

### स्वतंत्रता दिवस पर हर रेलकर्मी के घर फहरेगा तिरंगा, रेलवे बोर्ड ने दिया आदेश

**गोरखपुर (एजेंसी)।** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर रेल आवासों में नजारा कुछ अलग होगा। हर रेलकर्मी के घर तिरंगा फहरेगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी रेलवे जोन को दिशा-निर्देश भेजा दिया है। जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। रेल मंत्रालय ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर झंडा' अभियान शुरू किया है। इसके तहत 10 लाख रेलकर्मियों के आवासों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की तैयारी है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर इस्टेबलिशमेंट (जनरल) हरीश चंद्र ने सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधक, आरडीएसओ, मेट्रो व सेंट्रेलाइज्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट को पत्र लिखकर इस अभियान को सभी रेलकर्मियों तक पहुंचाने को कहा है। उन्होंने अपील की कि रेलकर्मी ऐसा करने के साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी घरों पर झंडा लगाने के लिए प्रेरित करें।

### छत्तीसगढ़ में मिशन-2023 की तैयारी

# सीएम भूपेश का 90 विधानसभा क्षेत्रों में दौरा, मैदान में उतरी टीम मोदी





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को अभी डेढ़ साल का समय बचा है, लेकिन कांग्रेस और भाजपा खेमों की हलचल बता रही है कि दोनों पक्षों ने चुनावी झांकी सजानी शुरू कर दी है। दिल्ली से रायपुर तक बैठकों का दौर चल पड़ा है। रणनीतियां बन रही है। चक्रव्यूह रचे जा रहे हैं। हर हाल में जीत के लिए फार्मूला तय हो रहा है। सीएम भूपेश बघेल 4 मई से 90 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकल रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा से प्रदेशव्यापी दौरे का आगाज कर रहे हैं। मोदी सरकार के मंत्रियों का लगातार छत्तीसगढ़ दौरा भी हो रहा है। दोनों ही पार्टियों का मकसद विकास कार्यों की जमीनी पड़ताल करना है, लेकिन उद्देश्य मिशन-2023 की रणनीति और लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना है।

भूपेश सरकार और कांग्रेस संगठन ने दोनों स्तर पर जमीन में उतर कर किलेबंदी शुरू कर दी है। वहीं विपक्षी पार्टी भाजपा भी लगातार उन मुद्दों की तलाश में है जो सरकार की सेहत और कांग्रेस की तैयारियों पर भारी पड़े। प्रदेश में विधानसभा चुनाव भले डेढ़ साल बाद होगा, लेकिन कांग्रेस 2023 में मिशन 71 पर काम कर रही है। इधर भाजपा पर कांग्रेस के विजयरथ को रोकने का टेंशन है। खैरागढ़ उप चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद कांग्रेस व सत्तापक्ष का मनोबल आसमान पर है। सीएम भूपेश बघेल जनता का फीडबैक लेने 90 विधानसभा सीटों पर जाएंगे तो संगठन भी चुनावी रणनीतियों को धार देने में जुटी है। प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस की तैयारियों ने सियासी पारा भी गर्म होने लगा है।

### सरकार को घेरने आक्रामक हुई भाजपा

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित प्रदेश भाजपा के नेताओं की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात और मंत्रणा के बाद पार्टी सरकार को आंदोलनात्मक और संगठनात्मक तौर पर घेरने आक्रामक हो गई है। अभी प्रदर्शन को लेकर गृह विभाग द्वारा जारी आदेश पर भाजपा मुखर है। संगठन को मजबूत करने के साथ भाजपा 2023 में सत्ता वापसी पर पूरा फोकस कर रही है। प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश लगातार संगठन की बैठक लेकर रणनीति बना रहे हैं। मोदी सरकार के कामकाज को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाना है। आज केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का छत्तीसगढ़ दौरा भी इसी उद्देश्य से हो रहा है। वे अति नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत देखेंगे। केंद्रीय मंत्रियों के दौरे के बहाने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में जुट गई है।

### संगठन को मजबूत करने की कवायद

छत्तीसगढ़ में भाजपा की लगातार हार से राष्ट्रीय नेतृत्व चिंतित है। संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के उद्देश्य से नेताओं का लगातार दौरा हो रहा है। अप्रैल में आधा दर्जन केंद्रीय मंत्री प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पहुंचे। छत्तीसगढ़ के 10 आकांक्षी जिलों में केंद्र की योजनाओं को देखने के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्रीय मंत्रियों की मुलाकात हुई। कार्यकर्ताओं में इसे लेकर उत्साह है। राजनीतिक जानकार केंद्रीय मंत्रियों के दौरों को छत्तीसगढ़ के आने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। सीएम भूपेश सहित कांग्रेस के नेता लगातार इसे राजनीतिक दौरा भी बता रहे हैं।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नक्सल प्रभावित बीजापुर में देखेंगे विकास, सीआरपीएफ अफसरों की लेंगे बैठक

छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की आज से प्रदेशव्यापी दौरे की शुरुआत हो रही है। सीएम सरगुजा क्षेत्र के सामरी विधानसभा जाएंगे तो वहीं सिंहदेव दंतेवाड़ा से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। वहीं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे अति नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत देखेंगे। नेताओं की दौरे से प्रदेश का सियासी पारा गर्म है। राजनीतिक जानकार इसे मिशन-2023 की रणनीति बता रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में मोदी सरकार के मंत्रियों का लगातार दौरा हुआ। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय का छत्तीसगढ़ दौरा हैं। वे बीजापुर जाएंगे और विकास कार्यों का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक लेंगे। बस्तर संभाग में नक्सल ऑपरेशन को लेकर भी सीआरपीएफ व पुलिस अफसरों की बैठक लेंगे। हवाई अड्डे पर स्थानीय भाजपा नेता से रायशुमारी की। इसके बाद वे हेलीकाप्टर से बीजापुर रवाना हुए। बीजापुर में जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों से केंद्र की योजना पर चर्चा करेंगे। वे किसी गांव का दौरा भी करेंगे। राय सीआरपीएफके जवानों के साथ रात्रि भोजन करेंगे। 5 मई को सुबह वे बीजापुर से रायपुर आएंगे और फिर दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# 1 सेकंड में 1 एकड़ जमीन का सर्वे कर लेता है यूएवी

### नरवा जैसी अनेक योजनाओं के सर्वे के लिए होगा उपयोगी




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग जैसी विधाओं में अपग्रेडेशन स्वागत योग्य, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित लोकार्पण समारोह के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग जैसी नई समय की तकनीकों में छात्रों का अपग्रेडेशन स्वागत योग्य है। दुनिया तेजी से बदल रही है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के माध्यम से तकनीकी विकास अनेक क्षेत्रों में हो रहा है। इन विधाओं में बड़े पैमाने तकनीकी विशेषज्ञों की जरूरत है। ऐसे में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इन विधाओं में छात्रों को अपग्रेड करने की कोशिश स्वागत योग्य है। यूएवी जैसे प्रयोग जो यूनिवर्सिटी कर रही है उससे प्रदेश को काफी लाभ होगा। सीएसवीटीयू में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में अपने संबोधन में यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कही। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 100 सीटर छात्रावास का भूमि पूजन तथा 12 करोड़ की लागत से बने विश्वेश्वरैया भवन का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय का न्यूक्लियस टेक कंपनी से एमओयू भी संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि न्यूक्लियसटेक कंपनी के माध्यम से अगले 5 सालों में 1000 लोगों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रोजगार मिल सकेगा। इसके अलावा 50 लाख रुपए की लागत से बने लैब के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग जैसी विधाओं में लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की गहरी खुशी है कि विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा हुआ है और यहां विश्वविद्यालय ने 42 गांव को गोद लिया हुआ है जहां पर विश्वविद्यालय के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से ग्रामीण विकास तेजी से होता है। विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र के आस-पास के गांव में तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से ग्रामीणों को सुविधाएं प्रदान करें ताकि उनकी दिनचर्या और सहज हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सीएसवीटीयू के कुलपति का कार्यकाल भी एक साल बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित नागरिकों को ईद परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 100 सीटर महिला छात्रावास की घोषणा की। साथ ही उन्होंने यूएवी के माध्यम से डीजीपीएस सर्वे के लिए विवि को एजेंसी बनाने की घोषणा भी की।

इस मौके पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जो अभिनव प्रयोग किये गए हैं। वे प्रदेश के तकनीकी विकास में सहयोगी होंगे। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा का वातावरण तेजी से बेहतर हो रहा है। इस मौके पर विश्विद्यालय के कुलपति एमके वर्मा ने कहा कि यूएवी के माध्यम से प्रदेश में नरवा आदि योजनाओं के क्रियान्वयन में काफी सहयोग मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास में छात्रों से संवाद भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व कुलपतियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### 1 सेकंड में 1 एकड़ सर्वे करता है यूएवी

यूएवी एक सेकंड में 1 हैक्टेयर का सर्वे कर लेता है। प्रदेश में भूमि सर्वेक्षण संबंधी कार्यों के लिए यह बहुत उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण करते हुए छात्रों की विशेष रूप से प्रशंसा की।

# कोरोना ने फिर बढ़ाई चिंता: सक्रिय मरीज 20 हजार के करीब कल की तुलना में 25 फीसदी अधिक मामले, 31 की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कोरोना ने एक बार फिर से चिंता बढ़ा दी है। बढ़ते संक्रमण ने आम लोगों के साथ-साथ सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बुधवार के आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में कोरोना के 3,205 मामले सामने आए हैं जो कि कल की तुलना में लगभग 25 फीसदी अधिक हैं। इस दौरान 31 मरीजों ने अपनी जान भी गंवाई। हालांकि, बीते 24 घंटों में 2802 लोग डिस्चार्ज भी हुए। देश में सक्रिय मरीजों की संख्या भी बढ़कर 19,509 हो गई जो कि आने वाले समय में मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 5,23,920 लोगों की मौत हुई है। बता दें कि मंगलवार के जारी आंकड़े में बीते 24 घंटों में 2,568 केस मिले थे और 20 लोगों की मौत हुई थी। वहीं सबसे बड़ी चिंता की बात ये है कि नए मामलों में से 40 फीसदी मामले राजधानी दिल्ली से मिल रहे हैं।

### दिल्ली में कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार

दिल्ली में बीते 24 घंटों में कोरोना के 1414 मामले सामने आए हैं जो कि पिछले दिनों की तुलना में 31 फीसदी अधिक है। वहीं इस दौरान एक मरीज की मौत भी हो गई। राजधानी में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,87,050 हो गई है। बता दें दिल्ली में मंगलवार के जारी आंकड़ों में बीते 24 घंटों में 1076 मामले सामने आए थे।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 182 नए मामले

महाराष्ट्र में बीते 24 घंटों में कोरोना के 182 नए मामले सामने आए हैं और एक मरीज की मौत हो गई। वहीं मुंबई की बात करें तो यहां बीते 24 घंटों में 100 नए मरीज सामने आए हैं।

### नोएडा में तीन माह बाद मंगलवार को सर्वाधिक 170 मामले

नोएडा में तीन माह बाद मंगलवार को सर्वाधिक 170 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई। इससे पहले 5 फरवरी को 233 मामले सामने आए थे। राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 130 लोग इस बीमारी से 24 घंटे में ठीक हुए हैं।

### हरियाणा में आज से लगेगी कोरोनारोधी मुफ्त बूस्टर डोज

हरियाणा में 18 से 59 वर्ष के 1.2 करोड़ नागरिकों को कोविड रोधी वैक्सीन की बूस्टर डोज मुफ्त लगाने का अभियान आज से शुरू होगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 25 अप्रैल को बूस्टर डोज मुफ्त लगाने की घोषणा की थी।

# 2 ग्रामीणों को घर से उठाकर ले गए नक्सली, एक की हत्या कर जंगल में फेंका शव, दूसरे को रिहा किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** बीजापुर जिले में नक्सलियों की क्रूरता फिर सामने आई है। कांदुलनार ग्राम पंचायत के गुड़ीपाल में माओवादियों ने जन अदालत लगाकार एक ग्रामीण की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया। सोमवार देर शाम नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों को गुड़ीपाल से अगवा किया था। मंगलवार दोपहर एक ग्रामीण सत्यम पुलसे की धारदार हथियार से हत्या कर दी। वहीं दूसरे ग्रामीण भीमा को रिहा कर दिया है। पूरा मामला मोदकपाल थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक माओवादियों ने सोमवार को गुड़ीपाल से 2 ग्रामीणों को घर से अगवा किया था। ग्रामीणों को पास के जंगल में ले गए, जहां जन अदालत में फैसला लेकर एक ग्रामीण सत्यम पुलसे (25 वर्ष) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। नक्सलियों ने हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया। वहीं दूसरे ग्रामीण भीमा को छोड़ दिया है। डीएसपी आशीष कुंजाम ने बताया कि नक्सलियों ने मोदकपाल थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण की हत्या की है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मृतक सत्यम पुलसे के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### रिहा ग्रामीण से पुलिस कर रही पूछताछ

पुलिस के मुताबिक नक्सलियों ने सत्यम पुलसे की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया था। जिस इलाके में नक्सलियों ने जन अदालत लगाया था वह अति संवेदनशील इलाका है। ग्रामीणों ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। नक्सलियों द्वारा छोड़े गए ग्रामीण भीमा से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि सत्यम घर का इकलौता और कमाऊ था। सत्यम पुलसे के एक भाई ने 6 महीने पहले फांसी लगा ली, जिसके बाद घर की पूरी जिम्मेदारी सत्यम पर थी। इस नक्सली घटना के बाद कुंदलनार सहित इलाके में दहशत है।

### नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को बेल, हनुमान चालीसा विवाद में गए थे जेल

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र की सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को स्पेशल कोर्ट ने बेल दे दी है। सीएम उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के ऐलान के चलते उन्हें जेल भेजा गया था।अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा की बेल पर अदालत ने 2 मई को सुनवाई की थी, लेकिन फैसला न लिखे जाने के चलते इसे सुरक्षित रख लिया गया था। अदालत ने आज नवनीत राणा और उनके पति को बेल दिए जाने का आदेश देते हुए कुछ शर्तें भी रखीं।



## संपादकीय

# चार पार्टियों का तीसरा मोर्चा

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से मुकाबले के लिए एक तीसरा मोर्चा बनने लगा है। अगले लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरे मोर्चे की बातचीत चल रही है और इसकी एक रूपरेखा भी बन गई है। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल इस तीसरे मोर्चे में शामिल दिख रहे हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि वे इसकी थाह ले रहे हैं। वे अंदाजा लगा रहे हैं कि तीसरे मोर्चे के साथ मिल कर लड़ना ज्यादा फायदेमंद होगा या अकेले लड़ने की तैयारी रखनी चाहिए। जो प्रादेशिक पार्टियां इस मोर्चे में शामिल होने वाली हैं उनके असर वाले राज्यों में केजरीवाल अपनी पार्टी की संभावना का पता लगा रहे हैं। अगर जरा सी भी संभावना दिखती है तो वे अकेले आगे बढ़ेंगे अन्यथा तीसरे मोर्चे में रहेंगे। शुरुआती बातचीत के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और तेलंगाना राष्ट्र समिति इस तीसरे मोर्चे के घटक हैं और पांचवीं पार्टी राजद हो सकती है। ध्यान रहे तृणमूल की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के लिए चुनाव प्रचार किया था। वे दो बार उत्तर प्रदेश गई थीं, चुनाव प्रचार किया था और अखिलेश के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस किया था। पिछले दिनों वे दिल्ली आईं तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी मुलाकात हुई। अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के आवास पर वे केजरीवाल से मिलीं। बताया जा रहा है कि अखिलेश और केजरीवाल दोनों सिद्धांत रूप में तीसरे मोर्चे के लिए सहमत हैं। अखिलेश को अब कांग्रेस के साथ नहीं लड़ना है और कांग्रेस को भी प्रशांत किशोर ने समझाया था कि वह उत्तर प्रदेश में अकेले लड़े। चूंकि अखिलेश को अकेले राजनीति करनी है इसलिए उनको ममता बनर्जी या केजरीवाल के साथ रहने में कोई आपत्ति नहीं है। ममता की पार्टी का उत्तर प्रदेश में कोई इंटरेस्ट नहीं है और न बंगाल में सपा का कोई इंटरेस्ट है। तेलंगाना राष्ट्र समिति का तेलंगाना के बाहर किसी राज्य में इंटरेस्ट नहीं है। सपा को दिल्ली या पंजाब में भी चुनाव नहीं लड़ना है, जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। लेकिन केजरीवाल के लिए मामला इतना सीधा नहीं है।

> लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले विधानसभा चुनावों में अगर उनकी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो वे उत्तर प्रदेश में लड़ना चाहेंगे। वैसे भी उत्तर प्रदेश में लड़े बगैर वे देश भर में भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ने का मैसेज नहीं बनवा पाएंगे। अगर इस पेंच को केजरीवाल और अखिलेश सुलझा लेते हैं तो कम से कम ये चार पार्टियां अलग मोर्चा बना कर चुनाव लड़ेंगी।

केजरीवाल उत्तर प्रदेश में राजनीति कर सकते हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को आगे करके विधानसभा का चुनाव लड़ा था। उसमें उन्होंने सपा के साथ तालमेल की भी बात की थी। हालांकि तालमेल हो नहीं सका। लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले विधानसभा चुनावों में अगर उनकी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो वे उत्तर प्रदेश में लड़ना चाहेंगे। वैसे भी उत्तर प्रदेश में लड़े बगैर वे देश भर में भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ने का मैसेज नहीं बनवा पाएंगे। अगर इस पेंच को केजरीवाल और अखिलेश सुलझा लेते हैं तो कम से कम ये चार पार्टियां अलग मोर्चा बना कर चुनाव लड़ेंगी।

## आठ अरब समस्याएं!

मनुष्य ने जो किया है और वह जो करते हुए है उसमें उसकी आदिम और यांत्रिक क्रियाओं का बड़ा रोल है। मनुष्य ने अपनी प्रकृति में और नेचर बनाम नर्चर के परस्पर विरोधी खिंचावों में आत्मघाती दुष्चक्र बनाए है।.. न यह सोचना गलत है कि आठ अरब लोग पृथ्वी की आठ अरब समस्याएं है और न यह मानना गलत है कि होमो सेंपियन के छह हजार साला सफर के मौजूदा मुकाम का बिखराव प्रलय की स्थितियां बनवाते हुए है।

सवाल है जितने सकंट है, उनकी फेहरिस्त में एक-एक संकट पर सोचे या उस वजह को पकड़े जिससे सब संकट है? अपना मानना है कि सभी संकटों की ज़ड़ मनुष्य है। वही समस्याओं की वजह है। उसी के कारण पृथ्वी और मानव अस्तित्व प्रलय के मुहाने पर है। बावजूद इसके मनुष्य जिम्मेवारी लेने को तैयार नहीं! पृथ्वी की आठ अरब आबादी में हर व्यक्ति समस्या है! उसके वैयक्तिक व्यवहार की भूख और सामूहिक विवेकहीनता ने पृथ्वी को समस्याओं का ग्रह बनाया है। वैयक्तिक और सामूहिक क्लेश, विद्धवेश, दुर्भावनाओं व संघर्ष की वजह से मानव जीवन और पृथ्वी दोनों संकट में है। निश्चित ही होमो सेपियन का जीवन सफर समस्याओं के समाधान की दास्तां भी लिए हुए है। ज्यों-ज्यों मनुष्य सचेत होता गया, उसकी भूख बढ़ी और आवश्यकताओं में आविष्कार हुए। और जीवन जंजाल बनता गया। मनुष्य का स्वभाव बदला। वह समर्थ बना। विकास के शिखर पर पहुंचा। लेकिन बिना अपनी मूल प्रकृति को सुधारे हुए। सभ्य बनते हुए भी वह घूमफिर कर आदिम, असुरी, वहशी याकि सैवज और बर्बर अवस्था में बार-बार लौटा और लड़ाईयां लडी। संहार और स्वामित्व के औजार बनाए। नरसंहार, आत्मसंहार, शोषण, दोहन और असमानताओं की क्षमताएं बढ़ती गई। मनुष्य ने न अपना ध्यान रखा और न प्रकृति का ख्याल किया।

कह सकते है मनुष्य ने जो किया है और वह जो करते हुए है उसमें उसकी आदिम और यांत्रिक क्रियाओं का बड़ा रोल है। इहलोक का विकास मनुष्य और पृथ्वी के संग-संग का नहीं है बल्कि डाल-डाल व पांत-पांत के संर्घष से है। मनुष्य ने अपनी प्रकृति में और नेचर बनाम नर्चर के परस्पर विरोधी खिंचावों में आत्मघाती दुष्चक्र बनाए है। मानव समाज के भीतर जहां अमानवीय व्यवस्थाएं बनी वही पूरी मानवता तथा पृथ्वी के संहार की खाईयां भी खुदी। **- हरिशंकर व्यास**

> **हम हिंदी में या किसी भी भारतीय भाषा में ऐसे संदेश पाएंगे, जो भारत के संयुक्त परिवार में समन्वय लाते हैं, और ऐसे भी, जो उस परिवार में अलगाव लाते हैं। भारत के हिंदीभाषी निश्चय ही बहुमत में हैं। हिंदी भारत की सर्वोच्च 'लिंक' भाषा बने, यह हिंदी जगत में एक स्वाभाविक भावना है। हिंदी भारत की सर्वप्रिय भाषा बने, यह हिंदी जगत का एक स्वधर्मी उद्देश्य होना चाहिए। राष्ट्र प्रेम में हिंदी का योगदान निश्चित रूप से बड़ा है। अगर हिंदी-प्रेम में राष्ट्र का योगदान लाना है, तो हिंदी को खुद से नहीं, अन्य भाषाओं और अन्य भाषियों से प्रेम करना सीखना होगा।**

गोपालकृष्ण गांधी, पूर्व राज्यपाल

# भारत की सर्वप्रिय भाषा बने हिंदी

मुझे हिंदी से प्रेम है। यह बचपन से रहा है, जब मेरी मां ने मुझसे हिंदी में बात करनी शुरू की। सिर्फहिंदी में। उनकी भाषा हिंदी नहीं थी। तमिज्ह थी। हां, तमिज्ह, तमिल या तामिल या तामील या फिर टामिल नहीं, तमिज्ह। चेन्नई जिस प्रांत की मुख्य नगरी है, यानी तमिज्ह नाड़ की, उस प्रांत की भाषा तमिज्ह है। भारत के हिंदीभाषी प्रांतों में उस भाषा का नाम 'तमिल' से प्रचलित हो गया है। तमिज्ह को तमिल कहने में कोई भयंकर गलती नहीं, लेकिन उसका सही उच्चारण है, तमिज्ह। यह 'ज्ह' कुछ मुश्किल है कहना, लेकिन उसको समझना और सही उच्चारण में कहना श्रेयस्कर है। उतना ही, जैसे हिंदी को हिंदी कहना, न कि हिंड्डी या हिन्ढी।

तो, मेरी मां (जिनका नाम लक्ष्मी था) तमिज्हभाषी थीं। लेकिन बहुत आनंद और लगन से उन्होंने हिंदी को बोलना, लिखना व प्यार करना सीखा और उस भाषा पर अद्भुत अधिकार पाया। उनके पिता थे चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य, जिन्होंने रामायण का मूल तमिज्ह में सुंदर रूपांतर किया है। बेटी लक्ष्मी ने फिर उस रूपांतर का हिंदी में अनुवाद किया- दशरथ-नंदन श्रीराम के शीर्षक से। उसी लक्ष्मी ने (जिनका नाम शायद सरस्वती होना चाहिए था) मुझको और मेरी बहन व मेरे भाइयों को हिंदी सिखाई। भाषा के साथ संस्कार भी। उदाहरण के लिए, उन्होंने एक दिन कहा- 'गोपू, 'आ', 'आओ' और 'आइए' में फर्क है न? बड़ों को तुम 'आ' नहीं कहोगे, न ही 'आओ'। तुम कहोगे, 'आइए'। 'आइए' से भी आगे एक शब्द है, आइएगा। अगर तुम 'आइए' कहो, तो कुछ गलती न होगी, लेकिन 'आइएगा' कहो, तो शिष्टाचार से भी आगे एक भावना का परिचय दोगे, संस्कार का।

स्कूल (बाराखंबा रोड, नई दिल्ली) में भी सौभाग्यवश मुझे हिंदी के जो अध्यापक मिले, वे उसी कोटि के मिले- पुण्यश्लोक वेदव्यास जी और विष्णुदत्त जी। इन्होंने मुझे हिंदी के और भी निकट किया। गजब के अध्यापक थे वे। पाठ्यक्रम को पूरा करना सामान्य बात होती है, जो हर शिक्षक करता है, लेकिन पाठ के प्रति प्यार की भावना अंकुरित करना कुछ और बात होती है। यह उन्होंने किया।



ऐसी मां के, जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं, तमिज्ह थी, और जिन्होंने मुझे तमिज्ह सीखाने से पहले हिंदी सिखाई, ज्ञानदान की स्मृति में आज यह कहता हूं कि हिंदी संस्कारी भाषा है। हिंदी जिनकी मातृभाषा नहीं, उनके मन, हृदय में हम हिंदीभाषी हिंदी के प्रति लगाव देखना चाहेंगे या नाराजगी? क्या हम नहीं चाहेंगे कि हिंदी भाषा के लिए, साहित्य के लिए, साहित्यकारों के लिए उनमें आदर, स्नेह और आकर्षण बने?

'हिंदी ही एकमात्र राष्ट्रभाषा है भारत की!' यह कहना भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र में अनुचित ही नहीं, अनुपयुक्त भी है। जो लोग संविधान से परिचित हैं, वे जानते हैं कि संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं में हिंदी समेत हमारी राज्य भाषाएं भी हैं। 'जो हिंदी नहीं बोलेगा, वह नागरिकता खो लेगा' के आक्रामक कथन में हिंदी की शीलता नहीं, अवधी का सुर नहीं, ब्रजभाषा का माधुर्य नहीं। उसमें बिहारी के दोहों का हास्य नहीं, रसखान की शब्द-क्रीड़ा नहीं, महादेवी का महाहृदय नहीं, निराला का चिंतन नहीं, प्रेमचंद का व्यवहार नहीं, जैनेंद्र का गांभीर्य नहीं। उसमें जवाहरलाल नेहरू का गुलाबी मन नहीं, लाल बहादुर शास्त्री का स्नेही हाथ नहीं, अटल जी की दरियादिली नहीं।

हिंदी में जन-बल है, उसको दंगल-बल की रेत में न ढालें। भारत में दक्षिण नाम की भी एक जगह है। यह हम हिंदीभाषी न भूलें। कवि प्रदीप कतई न भूले थे। तभी तो उन्होंने चिर-स्मरणीया लता मंगेशकर के गाने को कोई गोरखा कोई मदरासी वाले अमर्त्य शब्द दिए थे। भारत के तन को भारत के मन से हम अलग न करें। हमारे कविवर रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया है- जन गण मन। उस मन को हम हर वक्त याद रखें।

और उस दक्षिण में हिंदी अनिष्ट नहीं है। बिल्कुल नहीं। 'हिंदी-नीति' की दक्षिण में एक छवि है- हिंदी का आरोपण हो रहा है। हिंदी-जगत यह कह सकता है कि आरोपण करने का उद्देश्य किसी का नहीं है। अगर नहीं है, तो फिर यह छवि क्यों? कैसे? उस छवि को कौन और कैसे दूर करे? जवाहरलाल नेहरू का और फिर लाल बहादुर शास्त्री का आश्वासन तमिज्ह जगत को विश्वसनीय लगा। आरोपण का भय जाता रहा। हिंदी गौण रूप से दक्षिण में सहज, सरल और खुले रूप से बोली-सुनी जाने लगी। कोई जोर नहीं, कोई जबर्दस्ती नहीं, कोई प्रतियोगिता नहीं। यह स्थिति बदलनी नहीं चाहिए, बल्कि उसको और बल मिलना चाहिए।

कई हिंदीभाषी हैं, जो कहते हैं कि हिंदी ही राष्ट्रभाषा है। कम हिंदीभाषी हैं, जो कहते हैं, भारत भाषाओं का सागर है; दक्षिण हिंदी सीखे, उत्तर दक्षिण भाषाएं सीखे। तमिज्ह महाकाव्य तिरुक्कुरल हिंदी में उपलब्ध है। कितने हिंदीभाषी हैं, जिन्होंने उसको पढ़ने और उसके ज्ञान से लाभ उठाने का प्रयत्न किया? क्या यह जानने का प्रयत्न किया है कि बसव के कन्नड़ महावाक्य हिंदी में मिलेंगे या नहीं? क्या श्री नारायण गुरु के मलयाली कथन और त्यागराज के तेलुगू कीर्तन हिंदी में अनुदित हैं? हिंदी-नीति हिंदी के विस्तार के लिए ही नहीं, हिंदी जगत की आतंरिक सीमाओं के विस्तार, उसकी संकीर्णताओं को दूर करने के लिए कटिबद्ध होनी चाहिए। और यह देखने के लिए कि उस सुशील भाषा के प्रेमियों में अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति-उपनिवेशवाद की मानसिकता कभी न आ सके।

भाषाओं से नहीं, भाषाओं में निहित संदेशों से देश जुड़ता है। हम हिंदी में या किसी भी भारतीय भाषा में ऐसे संदेश पाएंगे, जो भारत के संयुक्त परिवार में समन्वय लाते हैं, और ऐसे भी, जो उस परिवार में अलगाव लाते हैं। भारत के हिंदीभाषी निश्चय ही बहुमत में हैं। हिंदी भारत की सर्वोच्च 'लिंक' भाषा बने, यह हिंदी जगत में एक स्वाभाविक भावना है। हिंदी भारत की सर्वप्रिय भाषा बने, यह हिंदी जगत का एक स्वधर्मी उद्देश्य होना चाहिए। राष्ट्र प्रेम में हिंदी का योगदान निश्चित रूप से बड़ा है। अगर हिंदी-प्रेम में राष्ट्र का योगदान लाना है, तो हिंदी को खुद से नहीं, अन्य भाषाओं और अन्य भाषियों से प्रेम करना सीखना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

पंकज चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार

# गंदगी और कंक्रीट के जंगलों में खोने लगी हमारी नदियां



जिस राज्य में बड़ी आबादी के जीवकोपार्जन का जरिया खेती या जंगल हो, वहां नदियों का लुप्त होना असल में मानव सभ्यता की अविरल धारा में व्यवधान की तरह है। जल धाराओं के प्रति समाज की बेपरवाही की बानगी है झारखंड राज्य की राजधानी रांची की कभी जीवन रेखा कही जाने वाली हरमू नदी। यह सुबर्नरेखा नदी की बहुत छोटी सहायक नदी है। जलवायु परिवर्तन की मार से झारखंड भी अछूता नहीं है और यहां अनियमित व कम बरसात दर्ज की जा रही है। इसका सीधा असर हरमू के अस्तित्व पर पड़ा। अब महज चार महीने इसमें नदी जल रहता है, शेष दिनों में नगर का गंदा निस्तार ही इसमें तैरता दिखता है। जाहिर है, कुछ दशकों में इसे एक नाला घोषित कर दिया जाएगा। अगर हरमू नदी के उद्गम स्थल को देखिए, तो वहां पत्थरों का भी कटाव हो गया है। इसके चलते भी इस नदी पर खतरा मंडरा रहा है।

राज्य विभाजन से पहले झारखंड में छोटी-बड़ी करीब 140 सदानीरा नदियां थीं। अब इनमें से कई तो खो गई हैं और अधिकांश गरमी शुरू होते ही लुप्त हो जाती हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है, नदियों के किनारे बेतरतीब ढंग से अवैध बसावट। हरमू जैसी शहरी नदी के बहाव क्षेत्र को भरकर अतिक्रमण कर लिया गया है। वर्ष 1928 और 1932 के नक्शे को अगर देखा जाए, तो रांची में छोटी-छोटी नदियों का जाल था, जो अब कंक्रीट में समाया दिखता है।

रांची शहर में हरमू नदी की चौड़ाई 25 मीटर से घटकर कई स्थानों पर एक मीटर से कम हो गई है। रांची नगर निगम की ओर से इसके सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर चेकडैम भी बनाए जा रहे हैं, ताकि नदी के अस्तित्व को बचाया जा सके, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद हरमू नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास सफल होता नहीं दिख रहा है। बरसात में दो-तीन महीने को छोड़कर अन्य दिनों में इसकी स्थिति एक बड़े नाले की तरह हो जाती है। गंदगी के कारण छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालु यहां अर्घ्य अर्पित करने से भी कतराते हैं। आज राजधानी रांची के ज्यादातर लोग इसे हरमू नाला कहकर ही पुकारते हैं।

हरमू नदी के अस्तित्व पर संकट का सबसे बड़ा कारण इसका शहर के बीचोबीच से बहना और राजधानी बनने के बाद रांची में जमीन के दाम का आसमान छूना है। इस नदी के मुख्य प्रवाह में हर आधा किलोमीटर पर 45 मकान बने हैं। कुछ जगह तो पूरा प्रवाह-मार्ग ही अवैध निर्माण ने रोक लिया है। नदी के दोनों तरफ झुग्गी बस्तियां पसरी हुई हैं, जिसके इसका प्रवाह नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है।

हालांकि, अब जब इस नदी में पानी होता है, तो जहर ही होता है, क्योंकि उसमें आर्सेनिक, क्रोमियम, शीशा, पारा, इत्यादि जहरीले तत्व निर्धारित मात्रा से कई सौ गुना अधिक भरे होते हैं। यहां का भूजल भी जहरीला हो चुका है। इसमें पनपे बैक्टीरिया और रासायनिक दूषण से चर्मरोग, पेट की अनेक बीमारी, यकृत रोग, डायरिया, पीलिया आदि का खतरा बना रहता है। पिछले कुछ वर्षों में हरमू नदी को अतिक्रमण से मुक्त कराने और सुंदर बनाने के लिए कई अभियान चलाए गए, लेकिन परिणाम आशा के अनुरूप नहीं रहा है। हरमू बाईपास के पास एक बोर्ड लगाया गया है, जिस पर चेतावनी लिखी गई है कि हरमू नदी में कचरा फेंकना संगीन अपराध है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर जुर्माना सहित कारावास होगा, लेकिन शहरी क्षेत्र में तकरीबन सभी स्थानों पर नदी में कचरा दिखता है।

हरमू मुक्तिधाम और हरमू फल मंडी के पास दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए हैं। बावजूद नदी में गंदगी और गंदा पानी गिरने से नहीं रोका जा सका है। मुक्तिधाम के पास नदी में कुछ दूर तक पाथ-वे बनाया गया है। हरमू बाईपास पुल के पास नदी के ढलान पर घास और सजावटी पौधे भी लगाए गए हैं, लेकिन उचित रख-रखाव के अभाव में ये सूखने लगे हैं।

कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां ग्रामीणों ने नदी में जगह-जगह मिट्टी से बांध बनाकर पानी रोक रखा है और इस तरह बने छोटे जलाशयों में वे नहाते हैं, कपड़े-बर्तन धोते हैं और मवेशियों को पानी पिलाते हैं। जब तक नदी में पानी रहता है, तब तक आसपास के खेतों की सिंचाई भी इसी से होती है।

इस बात को समझना होगा कि रांची शहर का अस्तित्व केवल सड़क, भवन या ब्रिज से नहीं है, बल्कि हरमू जैसी नदी से भी है। नदियां केवल जल मार्ग नहीं होती हैं, शहरों में बढ़ती गरमी को नियंत्रित करने, भूजल का स्तर बनाए रखने और साफ हवा का भी नैसर्गिक साधन होती हैं। यदि रांची में मनुष्य जीवन को स्वस्थ रखना है, तो हरमू का स्वच्छ होना अनिवार्य है। अफसोस, देश के ज्यादातर शहरों से होकर बह रही नदियों का यही हाल है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**



जीने की वजह उम्र पूरी करना नहीं, पल-पल करना है जीवन का उपयोग यही ध्येय, हमारा हो।

-अंजली जैन
7024460938

वेद प्रताप वैदिक

# खालिस्तानी सबक ले पाकिस्तान से

एक तरफ तो प्रधानमंत्री अपने निवास पर सिख-प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे हैं और दूसरी तरफ पटियाला में सिखों और हिंदुओं के बीच धुआंधार मारपीट हो रही है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में गुरु तेग बहादुर के 400 वें जन्म-समारोह के अवसर पर भारत की आजादी और समृद्धि में सिख समुदाय के अपूर्व योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी और कल पटियाला में खालिस्तान की मांग को लेकर दंगल मचा हुआ था। हिंदू और सिख संगठन आपस में भिड़ गए, उनमें लाठियाँ, गोलियाँ चलीं और पटियाला में कर्फ्यू भी लगाना पड़ गया।

पटियाला में जो कुछ हुआ, उसकी जड़ में उग्रवाद, मंदबुद्धि और संकीर्णता के अलावा कुछ नहीं है। उसका गुरु नानक के सिख धर्म और हिंदू धर्म से कुछ लेना-देना नहीं है। वह अल्पमति लोगों का आपसी दंगल भर है। बिल्कुल ऐसा ही दृश्य अभी-अभी दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में देखने को मिला। राजाराम नामक गोदुग्ध का धंधा करनेवाले एक गरीब आदमी की हत्या कुछ गोरक्षकों ने इसलिए कर दी कि उन्हें शक था कि उसने किसी गाय की हत्या कर दी थी। उसके घर से किसी गाय के अस्थि-पंजर देखकर उन्होंने यह क्रूरतापूर्ण कुकर्म कर दिया। क्या ऐसे लोगों को आप हिंदुत्व या गोमाता के रक्षक कह सकते हैं? ऐसे लोग आदमी को पशु से भी बदतर समझकर उसे मार डालते हैं।

पंजाब में जो उग्रवादी खालिस्तान की मांग कर रहे हैं, वे बताएं कि वे कितने खालिस हैं? क्या वे गुरु नानक के सच्चे भक्त हैं? क्या उन्होंने गुरुवाणी के सच्चे अर्थों को समझने की कोशिश की है? वे धार्मिक उतने नहीं हैं, जितने राजनीतिक हैं। सत्ता की भूख उन्हें दौड़ाती रहती है। वे सत्ता हथियाने के लिए देश के दुश्मनों से भी हाथ मिला लेते हैं। सिखों के साथ क्या भारत में कोई भेदभाव या अन्याय होता है? भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सिख समुदाय के रहे हैं। वे लोकसभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि सभी पदों पर रहते आए हैं।

किसी भी अल्पसंख्यक वर्ग को इतनी महत्ता भारत में नहीं मिली है, जितने सिखों को मिली है। क्या भारत में कोई ऐसा समुदाय भी है, जिसके सिरफिरे सदस्यों ने किसी प्रधानमंत्री की हत्या की हो? प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख लोगों पर जो अत्याचार हुआ है, उसकी निंदा किसने नहीं की है? सिख समुदाय अपनी भारत भक्ति और कठोर परिश्रम का पर्याय है। भारतीयों को उस पर गर्व है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























COMMERCE GURU
"सफलता का गुरु मंत्र"
Specialized Institute for...
CA Chartered Accountant
CMA Cost & Management Accountant
B.Com Bachelor of Commerce
11th/12th Commerce Class
BBA Bachelor of Business Administration
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 9644454810

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

**गरियाबंद।** को ईद का त्योहार गरियाबंद नगर में बड़ी ही धूम-धाम से मनाया गया, जिसमें मस्जिद और ईदगाह पर ईद की नमाज पढने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा रहा सभी लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देकर अमन चैन और सुख शांति की दुआ मांगी ।सोमवार शाम को शव्वाल का चांद दिखाई दिया,रमजान के 30 रोजों के बाद ईद का त्योहार सबके चेहरों पर खुशियां लेकर आया है , नगर के मस्जिद और ईदगाह पर ईद की नमाज पढने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा था. सभी लोग एक दूसरे को मुबारकबाद पेश कर गले मिले कोरोना काल के तीन वर्षों बाद ऐसा मौका आया है जब दूसरे त्योहारों के साथ ईद का त्योहार भी आजादी के साथ मनाने की इजाजत मिली है. वरना इससे पहले तो ईद उल फित्र और ईद उल जुहा पर कोरोना का साया मंडरा रहा था ।ईद-उल-फित्र त्योहार मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया ।गरियाबंद शहर एवं जिले की अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अता की।

### बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने किया माटी पूजन

**जगदलपुर।** अक्ति तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर आज कुम्हरावण्ड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में माटी पूजन कार्यक्रम का अयोजन किया गया। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने माटी पूजन का विधान पूरा किया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव रेखचंद जैन, बस्तर कलेक्टर रजत बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता आर एस नेताम, उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता अश्विनी कुमार ठाकुर, कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक संतोष कुमार नाग, कृषि विभाग के उप संचालक एसएस देवता, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक अजय कुशवाहा, मत्स्य पालन विभाग के उप संचालक मोहन राणा सहित कृषि एवं सहयोगी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक गण उपस्थित थे। माटी पूजन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी के जिला सूचना अधिकारी चिड़ेम तथा छत्तीसगढ़ सूचना प्रौद्योगिकी ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राकेश भट्टके सहयोग से कुम्हरावंड स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में किया गया।

हर विधानसभा क्षेत्र के 3-3 गांवों में जाएंगे और किसी एक गांव में रात्रि विश्राम भी करेंगे

# मुख्यमंत्री बघेल विधानसभा क्षेत्रों में भेंट-मुलाकात के अभियान पर रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के पुलिस लाइंस हेलीपेड से प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आमजनता, जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों से 'भेंट-मुलाकात' के अभियान पर रवाना हुए। मुख्यमंत्री इस अभियान की शुरूआत सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले से करेंगे। श्री बघेल का पहला पड़ाव सामरी विधानसभा क्षेत्र में होगा। मुख्यमंत्री आज बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा क्षेत्र में कुसमी, शंकरगढ़ और बरियों गांव में पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम राजपुर में करेंगे।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 'भेंट-मुलाकात' के अभियान में रवाना होने से पहले मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना के कारण एक लंबे अरसे से लोगों के बीच जा नही पाए थे, हालांकि पिछले वर्ष सामाजिक संगठनों की बैठक में शामिल होने का मौका मिला। भ्रमण के दौरान शासकीय योजनाओं की धरातल पर स्थिति की जानकारी लूंगा। उन्होंने कहा कि आम जनता से और जनप्रतिनिधियों से मिलने से योजनाओं के बारे में जानकारी मिलती है, क्या संशोधन होना चाहिए, क्या जुड़ना चाहिए, इसकी जानकारी मिलती है। भ्रमण के दौरान गांवों में हुए अच्छे कार्यो के साथ वहां की समस्याओं के बारे में भी जानकारी मिलेगी। मेरी कोशिश होगी की मैं अधिक से अधिक समय लोगों के साथ बिताऊं।

उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान वे पीडीएस दुकान, पंचायत कार्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, थाने, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, नगर पंचायत के दफ्तर जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री और क्षेत्र के विधायक भी भ्रमण के दौरान उनके साथ होंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया भी मुख्यमंत्री के साथ रवाना हुए।

# परसुराम जयंती में सर्व ब्राम्हण समाज भवन का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। गरियाबंद नगर में निर्मित सर्व ब्राम्हण समाज के लिए नव निर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण भगवान परसुराम की जयंती के अवसर पर राजीम विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

जहा कार्यक्रम के प्रारम्भ में सन्तोष उपाध्याय के द्वारा भवन का फीता काटकर भगवान परसुराम का पूजा अर्चना किया गया ।लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए पूर्व विधायक संतोष उपाध्यय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब परसुराम के जन्मदिन के अवसर पर मीले एक हुए ये गर्व की बात है । आज राजिम विधानसभा के राजिम फिंगेश्वर और गरियाबंद नगर तीन जगह में ब्राम्हण समाज का भवन बन गया है। हम सब को मनभेद को हटाना है मतभेद नही रखना है और एकता दिखाना है ।ब्राह्मण का कार्य सामंजस्य बनाना होता है ।इसके लिए पहले हमें हमारे बच्चों को संस्कृत का ज्ञान हो जनेऊ पहनने की आदत डालना है ।वर्तमान समय मे संगठित होना जरूरी हो गया है ।आगे उन्होंने समाज के लोगो से अपील करते हुए कहा कि स्वर्गीय पवनदीवान के आश्रम में जो ब्राह्मण पुत्र वेद ज्ञान लेने दाखिल लेना चाहता है उन्हें वहां दाखिला की ब्यवस्था करवाऊंगा ।हम एक होकर समाज के लोगो को बचाने की पहले कोशिश करे बाद में जो मनभेद हो उसे निपटाए ,अन्य समाज के लोग अगर किसी मुसीबत में होते है तो पहले उस मुसीबत को खत्म करते है बाद में आपस की झगड़ा को मिटाते है। बनाएंगे एकता आप दिखाएंगे ।वही अंत मे श्री उपाध्यय द्वारा आहता निर्माण में पहल करते हुए जल्दी ही किसी मद से निर्माण करने का आश्वासन दिए ।इस अवसर पर ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा संतोष उपाध्यय का सम्मान करते हुए साल और श्रीफल भेंट किये।

# एमबीसी के वितरक शाखा 10 के अंतिम छोर के ग्रामों में पहुंचा निस्तारी पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मांढर शाखा नहर से निकली 13 किलोमीटर लंबी वितरक शाखा नहर के अंतिम छोर के ग्राम पिपरहट्ठा व सिवनी में तालाब भरने निस्तारी पानी पहुंचने के बाद तालाब भरना शुरू हो गया है पर इसी वितरक शाखा में दरबा के पास से निकले सोनपैरी माइनर के पहले ग्राम सोनपैरी से आगे यह पानी प्रभावी रुप से आगे नहीं बढ़ पाया है जबकि आगे के 3 ग्राम कुटेसर , तोडगाव व बड़गांव पानी पहुंचने की न केवल बाट जोह रहा है वरन् सोनपैरी सहित इन ग्रामों के पंचायत प्रतिनिधि पानी ले जाने विभागीय अमला के अभाव में माइनर में कवायद कर रहे हैं । इधर रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा ने इस वितरक शाखा नहर का निरीक्षण कर इसमें लाइनिंग में हुये टूट - फूट व जगह - जगह आवागमन के लिये बनाये गये रास्ते की वजह से पानी के बहाव प्रभावित होने की ओर संबंधित विभागीय अनुविभागीय अधिकारी एम बोरकर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये फिलहाल प्राथमिकता के आधार पर निस्तारी पानी देने के बाद कमांड एरिया में आने वाले ग्रामों के जनप्रतिनिधियों की बैठक व सुझाव ले पानी के बहाव में बाधक बने समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने का आग्रह किया है । ज्ञातव्य हो कि इस वितरक शाखा से ग्राम कुरुद , गोढ़ी , सिवनी व पिपरहट्ठा को तथा इससे निकले माइनर से सोनपैरी , कुटेसर , तोडगाव व बड़गांव को पानी मिलता है ।

# मुख्यमंत्री बघेल ने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल हो रही नई तकनीकों से रूबरू हो सकेंगे किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर से लगे जोरा क्षेत्र में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वर्चुअल क्लासरूम का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल हो रहे नवीन तकनीकों के बारे में मौजूद विशेषज्ञों से जानकारी ली। इस



दौरान कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त कमलप्रीत सिंह, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि अब तक कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के भवन में संचालित हो रहा था। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के नजदीक ही 5430 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 6.23 करोड़ रुपये की लागत से कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के लिए नए भवन का निर्माण किया गया है। इस नवनिर्मित भवन में 8 क्लास रूम, 1 मॉडर्न वर्चुअल क्लासरूम, 11 लैबोरेटरी, 2 कॉन्फ्रेंस हॉल, 400 वर्ग मीटर में वर्कशॉप के साथ ही प्रशासनिक खंड भी है।

# बैलगाड़ी पर माटी तिहार मनाने पहुंचे गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। माटी दिवस मनाने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू अनोखे अंदाज में पुरई पहुंचे। वे बैलगाड़ी में बैठकर कार्यक्रम स्थल में पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव भी थीं। मौके पर पहुंचकर श्री साहू ने माटी तिहार की परंपरा निभाते हुए पूजा अर्चना की। गुड्डे गुड़िया की शादी में हिस्सा लिया। माटी तिहार के मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को मिट्टी की उर्वरता से संबंधित शपथ भी दिलाई। साथ ही इस मौके पर होने वाले अनेक परंपराओं में भी हिस्सा लिया।




उल्लेखनीय है कि आज पूरे प्रदेश में अक्षय तृतीया का दिन माटी पूजन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेशवासियों को अपनी संस्कृति को सहेजने के लिए अक्ती के दिन को माटी त्योहार के रूप में मनाये जाने के लिए अपील की। पुरई में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू गृह मंत्री शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया और कहा कि प्रदेश सरकार नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी योजनाओं के साथ प्रदेश की संस्कृति को सहेजने के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है। श्रमिक दिवस के दिन ही प्रदेशवासियों द्वारा बोरे बासी खाकर श्रमिकों का सम्मान किया गया।

उन्होंने कहा कि अक्ती का दिन किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण है। किसानों को रासायनिक खाद से होने वाले भूमि के नुकसान को लेकर जागरूक करने और जैविक कृषि को बढ़ावा देने आज माटी तिहार मनाया जा रहा है।

गृह मंत्री ने अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के दिन सभी अपने अपने घर से धान लेकर एक जगह इकट्ठा हुआ करते थे और वहां गांव के बैगा द्वारा पूजा की जाती थी। पूजा होने के बाद वे अपने धान को लेकर अपने खेतों में जाकर बोवाई कर देते थे और धान के कुछ बीज को अपने तुलसी चौरा में भी लगाया करते थे। आज ही के दिन से किसानों की बोवाई का कार्य शुरू हो जाता था। गृह मंत्री ने उपस्थित ग्रामवासियों को अक्ती तिहार की बधाई दी साथ ही उन्होंने ईद और परशुराम जन्म दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया। साथ ही मिट्टी माता की रक्षा के लिए सभी को शपथ भी दिलाई। हितग्राहियों को वितरण की गई सामग्री - कार्यक्रम में गृह मंत्री ने ग्रामवासियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें बैटरी चलित स्प्रेयर, मत्स्य जाल और कृषि यंत्र पावर बिडर का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव ने कहा कि आज का दिन बड़ा ही शुभ होता है, कोई भी शुभ कार्य करना, दान देना आदि काम होते हैं। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन गांव के लोग परसा के पाना से धान लेके जाते थे और उसकी पूजा करते थे।

इस अवसर पर अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, श्रीमती योगिता चंद्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही महादेव कांवरे संभागायुक्त दुर्ग , जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया के दिन माटी पूजन दिवस के अवसर पर जिले के सभी गौठानों में की गई माटी की पूजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। अक्षय तृतीया के दिन माटी पूजन दिवस के अवसर पर जिले के सभी गौठानों में माटी की पूजा-अर्चना कर धूमधाम से अक्ति पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। माटी पूजन दिवस के अवसर पर ग्राम सरखेड़ा में संसदीय सचिव इंद्र शाह मंडावी एवं छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू ने डोंगरगांव में माटी की पूजा अर्चना की।

संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल माटी पुत्र हैं और स्वयं किसान हैं। शासन किसान हितैषी है और लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने मानपुर- मोहला-चौकी जिला की सौगात दी है, वहीं औंधी को तहसील के दर्जा दिया है। मुख्यमंत्री ने औंधी में कॉलेज भवन की भी सौगात दी है। शासन की नरवा, घुरवा, गरूवा, बाड़ी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जैविक खाद से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी।

प्रदेश की जनता के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत है। गढ़बो नया छत्तीसगढ़ की दिशा में हमें आगे बढ़ना है।

जिले के सभी गौठानों में ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया और मिट्टी की रक्षा करने की शपथ ली। अपने खेत, बगीचों और घरों में जैविक खाद का उपयोग करने का संकल्प लिया। सभी ने कहा कि हम ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे हमारी मिट्टी, पानी की सेहत खराब हो। हम हानिकारक रसायनों के कारण भूमि, जल को होने वाले, नुकसान के प्रति सबको सचेत कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे।

हम आने वाली पीढियों के लिए साफ पानी, शुद्ध हवा और उपजाऊ मिट्टी बचाएंगे। इस अवसर पर लोगों ने ली रासायनिक खाद के स्थान पर वर्मी खाद का प्रयोग करने की शपथ ली। गोठान में जैव खाद के अत्यधिक उत्पादन के लिए महिला स्वसहायता समूह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, जनपद सीईओ मांडले एवं नागरिक उपस्थित थे।

RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians
समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफर्म से।
- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।
We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.
Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

FANCY MATTRESS
30% से 50% लेस
किस्तों में ले जायें ।
तैयार मिलते है।
SOFA CUM BED बीन बैग
रुई गद्दा 200 से 2000/- तक
पुराना गद्दा लायें नया ले जाये।
हर साईज में, हर क्वालिटी में, हर बजट में उपलब्ध
संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर



### छत्तीसगढ़ के शिक्षक का गुजरात में सम्मान, डॉ. भीमराव अंबेडकर क्विज महाअभियान में रहे दूसरे स्थान

**रायपुर ( ए )।** कबीरधाम जिले के शिक्षक भरत कुमार डोरे का गुजरात सरकार के शिक्षामंत्री ने सम्मान किया। गुजरात के शिक्षा विभाग स्वर्णिम संकुल एक में गत दिनों सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें गुजरात के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर क्विज महाअभियान में देश के शीर्ष पांच शिक्षकों का सम्मान किया गया। इनमें दूसरे स्थान पर रहे सहायक शिक्षक भरत कुमार डोरे को गुजरात के शिक्षामंत्री मंत्री जित्तू भाई वाघाणी और मंत्री कुबेरसिंह डिंडोरे ने सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया। शिक्षक डोरे शासकीय प्राथमिक शाला गुंझेटा में पदस्थ हैं। उन्हें जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जाना जाता है।

### पांचवीं बार श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने अवस्थी

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की त्रिवार्षीय आमसभा 30 अप्रैल को लाखे नगर स्थित राम मंदिर सत्संग भवन में आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। अरविंद अवस्थी को पुन: पांचवी बार निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। बेमेतरा जिले से जिलाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, हर्ष तिवारी, संघ के राष्ट्रीय पार्षद फिरोज खान, दिलीप देवांगन व संजू जैन ने आमसभा में भाग लेकर अवस्थी को प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी। पूरे प्रदेश के श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने त्रिवार्षिक आमसभा में हिस्सा लेकर अरविंद अवस्थी के प्रति अपना विश्वास जताकर प्रदेशाध्यक्ष के लिए एकमत मे मुहर लगायी। प्रदेशाध्यक्ष बनने पर अवस्थी को पुरुषोत्तम अग्रवाल, जितेन्द्र उपाध्याय, गोपाल शर्मा, विरेन्द्र जोशी, आजूराम साहू आदि ने बधाई दी है।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और आधुनिक तकनीक से खेती-किसानी में आगे बढ़ेंगेः सीएम भूपेश बघेल

## किसान की पारम्परिक वेश-भूषा में माटी की पूजा कर छत्तीसगढ़ में माटी पूजन महाअभियान का किया शुभारंभ

### मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद कृषि महाविद्यालय इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर भवन का लोकार्पण किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अक्ती पर्व पर छत्तीसगढ़ की माटी पूजन की परंपरा के अनुसार ठेठ छत्तीसगढ़िया किसान की पारम्परिक वेश-भूषा में धोती कुर्ता पहनकर माटी पूजन किया और धान बुवाई की रस्म भी अदा कर छत्तीसगढ़ में माटी पूजन महाअभियान का शुभारंभ किया। रायपुर के अभियांत्रिकी महाविद्यालय परिसर में उन्होंने कोठी से पांच मुट्ठी धान निकालकर बैगा को सौंपा। बैगा ने धरती मां और ठाकुर देव की पूजा अर्चना कर बुवाई के लिए धान का बीजहा बीज मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने धरती मां की जयकारा करते हुए धान बीज का छिड़काव किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भूमि की उर्वरता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जैविक खेती को अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने ट्रेक्टर से खेत की जुताई की।



मुख्यमंत्री का स्वागत सरायपाली के किसान चमार सिंह पटेल ने हल्दी की माला और कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गजेन्द्र चंद्राकर ने मखाना की माला पहनाकर किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी भाषा के कवि मीर अली मीर का भी सम्मान किया। मीर अली मीर ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा पर अक्ती तिहार की महत्ता पर कविता पाठ किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने अक्ती तिहार, परशुराम जयंती और ईद की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि हमें छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा की अच्छी बातों को ग्रहण करते हुए आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर खेती किसानी को आगे बढ़ाना है। इसके लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विगत 35 सालों से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यहां के कृषि वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि 35 साल में 100 से अधिक धान के उत्कृष्ट प्रजाति के बीजों का उत्पादन किया है, साथ ही छत्तीसगढ़ की 23,000 से अधिक धान की विभिन्न प्रजातियों के बीजों को संरक्षित कर विश्वविद्यालय में सुरक्षित रखा है। उन्होंने कहा कि कृषि तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी महाविद्यालय भी प्रारंभ किया गया है। इससे आधुनिक तकनीक के लिए नए-नए कृषि यंत्र भी उपलब्ध हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के किसानों द्वारा अक्ती के अवसर पर माटी पूजन की परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें खेती की जमीन को सहेज कर रखना होगा। यदि हम मिट्टी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं, तो इससे जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और हमारे स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी कठोर हो रही है। जमीन में विषैले तत्व बढ़ रहे हैं, जो उपजों के माध्यम से हमारे शरीर में पहुंचते हैं और कैंसर, हायपर टेंशन सहित अनेक बीमारियों का कारण बनते हैं। उन्होंने किसानों से वर्मी कम्पोस्ट का अधिक से अधिक उपयोग करने का आव्हान किया। जैविक खेती को अपनाने से धरती माता और पशुधन की सेवा के साथ-साथ मानव समाज की भी सेवा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक कृषि उपजों, लघु वनोपजों की छोटी-छोटी प्रोसेसिंग यूनिट विकसित करें। यह भी प्रयास करें की कृषि उपजों की उत्पादन लागत कैसे कम हो। उन्होंने कहा कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य उपजों का अच्छा संग्रहण हो, संग्राहकों और किसानों को अच्छा दाम मिले, उपजों में वेल्यू एडिशन हो और लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले। इसके साथ-साथ उपजों के विक्रय की भी अच्छी व्यवस्था विकसित हो।

श्री बघेल ने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से चिंतित है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी का उल्लेख करते हुए कहा कि सुराजी गांव योजना के तहत इस योजना को लागू कर छत्तीसगढ़ ने क्लाईमेट चेंज से निजात पाने का रास्ता खोजा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानो में मवेशियों को सुरक्षित कर एवं गोबर खरीदी कर खाद तैयार किया जा रहा है। गांव में ही खाद उपलब्ध होने से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा भी गोमूत्र से औषधि बनाने की योजना भी तैयार की गई है। इससे भी गोपालक किसानों को लाभ मिलेगा।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परम्परा को सहेजने और आगे बढ़ाने का कार्य उनके मार्गदर्शन में आज अक्ती तिहार का आयोजन किया गया। आने वाले समय में इसका वृहद रूप से आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के एक लाख 4 हजार करोड़ रूपए के बजट में से 27 हजार करोड़ किसानों के खाते में जा रहा है। रूरल इंड्रस्ट्रियल पार्क के लिए बजट में 6 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल, कृषि उत्पादन आयुक्त कमलप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषकगण मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने सभी संभाग मुख्यालयों में यांत्रिकी स्किल डेव्हलपमेंट सेंटर स्थापित करने की घोषणा की

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसके बाद कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित अक्ती तिहार और माटी पूजन दिवस के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा वैज्ञानिकता पर आधारित है, हमें कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए राज्य की संस्कृति परंपरा और आधुनिक तकनीक का उपयोग करना होगा। इसके लिए राज्य सरकार हर संभव बेहतर कार्य करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी संभाग में यांत्रिकी स्किल डेव्हलपमेंट सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी की। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद कृषि महाविद्यालय इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सटीक मौसम पूर्वानुमान के लिए डॉप्लर तकनीक का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृषि विश्वविद्यालय की ओर से विकसित किए गए कृषि रोज़गार मोबाइल एप्लिकेशन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री के हाथो प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत बीज किट, कृषि यंत्र और अनुदान राशि का चेक भी प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

# गर्मियों में दस्त से बचाव के लिए सावधानी जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गर्मियों में बढ़ते तापमान के साथ बच्चों से लेकर बुजुर्गों में दस्त यानि डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। डायरिया के लिए आमतौर पर लू और दूषित खानपान मुख्य कारण है। दूषित खाद्य या पेय पदार्थों में मौजूद वायरस, बैक्टीरिया या प्रोटोजोआ के कारण ही विभिन्न आयु के लोगों में डायरिया होता है।दस्त का उपचार यदि शुरूआत में नहीं किया जाए तो अनेक आपातकालीन स्थितियां बन सकती है तथा यह जानलेवा भी हो सकता है। गर्मियों में दस्त से बचाव के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों को अपने खान-पान में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। तीव्र डायरिया में दस्त के कारण शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स यानि सोडियम व पोटेशियम की मात्रा बहुत तेजी से कम होने लगती है जिससे शरीर में ऐंठन, बेहोशी जैसे लक्षण मिलते हैं। इन लक्षणों से पीड़ित को त्वरित उपचार नहीं मिलने पर डिहाइड्रेशन के कारण मौत भी हो सकती है।



शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि डायरिया के घातक होने की संभावनाओं के मद्देनजर आम लोगों को अपने खान-पान की गुणवत्ता और आदतों पर सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मियों में भोजन और अन्य खाद्य पदार्थ अत्यधिक तापमान के कारण बड़ी जल्दी खराब हो जाते हैं। इसलिए बासी और खुले भोजन से बचना चाहिए तथा ताजा भोजन ही लेना चाहिए। इन दिनों बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों और शीतल पेय जैसे लस्सी, गन्ने और अन्य फलों के रस के सेवन में सावधानी बरतना चाहिए क्योंकि इनके संक्रमित या दूषित होने से दस्त सहित पेट से संबंधित अनेक रोगों की होने की संभावना ज्यादा होती है । चूंकि गर्मियों में पाचन तंत्र कमजोर होता है और शारीरिक सक्रियता कम रहती है इसलिए लोगों को तले-भुने, मसालेदार गरिष्ठ भोजन, फास्ट फूड, स्ट्रीट फूड, मांसाहार और शराब सेवन का परहेज करना चाहिए। दस्त होने पर भोजन में चावल या खिचड़ी, दही, केला, अनार इत्यादि को शामिल करना चाहिए। शिशुओं को मां का दूध, दाल या चावल का पानी यानि माढ़ आदि तथा चिकित्सक के परामर्श पर जिंक का टेबलेट देना चाहिए।

डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में डायरिया यानि अतिसार का मुख्य कारण त्रिदोष यानि वात, पित्त व कफ का असंतुलन और पाचक अग्नि यानि जठराग्नि का मंद होना है। इसलिए इस पद्धति में अतिसार से बचने के लिए गर्मियों में भरपेट भोजन के बजाय थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अनेक बार ताजा और सुपाच्य भोजन ग्रहण करने का निर्देश है। इस मौसम में बाजार में मिलने वाले कोल्ड ड्रिंक्स की जगह जीरा मिलाकर मठा यानि छाछ, नारियल पानी, नींबू पानी, बेल का शरबत, आम का पना आदि का सेवन करना चाहिए। गर्मियों में पेयजल की शुद्धता पर भी ध्यान देना आवश्यक है। घर में कटे फल और भोज्य पदार्थों को ढंक कर रखना चाहिए। इसके अलावा लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। शौच के बाद और भोजन के पहले साबुन से अपने हाथों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से पानी से धो लेना चाहिए ताकि संक्रमण की संभावना न हो। डायरिया से पीड़ित रोगियों के उपचार में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। अत्यधिक दस्त के कारण डिहाइड्रेशन की संभावना रहती है, इसलिए शुरूआत में ही रोगी को जीवन रक्षक घोल यानि ओआरएस या घर में बने नमक-शक्कर का घोल, दाल या चावल का पानी इत्यादि पिलाते रहना चाहिए। रोगी को प्राथमिक उपचार देने के बाद अतिशीघ्र नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं या चिकित्सा विशेषज्ञ का परामर्श लें, ताकि आपातकालीन स्थिति न बने।

# राज्यपाल से अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटिहार एवं महिला अध्यक्ष सुश्री रश्मि पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कटिहार ने कुर्मी समाज के द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने तथा समाज में शिक्षा के विकास के संबंध में की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल सुश्री उइके ने महिलाओं के लिए समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी तरह आप सभी एक सोच और एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। आप सभी निश्चित रूप से अपने उद्देश्यों में सफल होंगे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव चंद्रभूषण वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, उमाकांत वर्मा, प्रभा पटेल, सरिता वर्मा, अंकिता वर्मा उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ को मिला पहला डाप्लर रडार, अब ब्लाक स्तर पर मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब मौसम विज्ञान उन्नत होने जा रहा है। प्रदेश में पहला डाप्लर रडार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित होगा। इसकी मदद से अब मौसम की सटीक जानकारी ब्लाक स्तर पर भी मिल जाएगी। यह रडार को राजधानी में स्थापित किया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन किया। 10 सालों से लंबित प्रस्ताव पर केंद्र के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। इसके लिए राज्य को 17 करोड़ रुपये मिले हैं। इस रडार की मदद से प्रदेश के 37 लाख किसानों को मौसम का पूर्वानुमान पता चलेगा।

### सालों से प्रयासरत रहे कृषि विज्ञान

कृषि विवि रायपुर के कृषि मौसम विज्ञान केंद्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जीके दास सालों से डाप्लर रडज्ञर को स्थापित करने को लेकर प्रयासरत रहे। केंद्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने भी स्वीकृति दे दी है। बताया जाता है कि यह रडार पहले 2010-11 स्थापित होना था, लेकिन लगाने के लिए इसलिए इतना लंबा समय टाल दिया कि छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों से सेफ जोन में है। अभी किसानों को सही समय पर मौसम के खराब होने की जानकारी नहीं मिलने से हर साल नुकसान उठाना पड़ रहा है।

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के भोपाल के अलावा दिल्ली, पुणे, हैदराबाद, विशाखापट्टनम, अगरतला, चेन्नई, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना समेत अन्य शहरों में डाप्लर रडार लगे हैं। भारत में कुल 33 डाप्लर रडार लगे हुए हैं।

### ऐसे मिलती है पूरी जानकारी

डॉ. जीके दास ने बताया कि डाप्लर रडार मौसम विभाग का अत्याधुनिक पूर्वानुमान उपकरण है। यह 32 मीटर ऊंची बिल्डिंग में लगाने पर 250 किलोमीटर की परिधि के मौसम की सटीक जानकारी देने की क्षमता रखता है। बादलों के घनत्व, हवा की रफ्तार, नमी की मात्रा की पुख्ता जानकारी के साथ-साथ ही अनुमानित चक्रवात, कम या ज्यादा बारिश की चेतावनी, ओला वृष्टि और तूफान आदि का सही-सही व त्वरित पूर्वानुमान इससे मिलता है। 32 मीटर की ऊंचाई पर लगने वाला यह रडार ढाई सौ किलोमीटर परिधि (रेडियस) में मौसम की कोई भी हलचल भांपकर उसकी हर दो घंटे में जानकारी देने की क्षमता रखता है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अल्लू अर्जुन से सामंथा तक, करोड़ों में फीस लेने वाले साउथ सितारों की महज इतनी थी पहली कमाई

**भारतीय सिनेमा पर साउथ अभिनेताओं का डंका बज रहा है। फैंस इस इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों के एक्शन के दीवाने हुआ करते थे लेकिन अब फैंस साउथ कलाकारों के एक्शन के साथ-साथ एक्टिंग और अंदाज के भी कायल हो गए हैं। अब साउथ सितारे फैन फॉलोइंग के मामले में बॉलीवुड स्टार्स को भी टक्कर दे रहे हैं। इतना ही नहीं, साउथ के स्टार्स भी एक फिल्म के बॉलीवुड स्टार्स की तरह करोड़ों में फीस चार्ज करते हैं। लेकिन आज हम आपको टॉलीवुड स्टार्स की पहली फीस के बारे में बताते हैं, जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे।**



### सामंथा रुथ प्रभु

सामंथा रुथ प्रभु साउथ की पॉपुलर अभिनेत्री हैं, जो एक फिल्म के लिए करोड़ों में फीस चार्ज करती हैं। लेकिन आप उनकी पहली सैलरी जानकार हैरान रह जाएंगे। सामंथा की पहली सैलरी महज 500 रुपये थी। इस बात का खुलासा सामंथा ने इंस्टाग्राम पर फैन द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में किया था। उन्होंने बताया कि स्कूल में एक सम्मेलन को होस्ट करने के लिए उन्हें 500 रुपये मिले थे।

### सूर्या

सूर्या साउथ के महंगे अभिनेताओं में से एक हैं लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि एक्टिंग में आने से पहले वह एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करते थे। यहां पर सूर्या की सैलरी हर महीने सिर्फ 736 रुपये थी।

### मोहनलाल

मोहनलाल साउथ इंडस्ट्री के पॉपुलर अभिनेता हैं, जो सालों से एक्टिंग की दुनिया में एक्टिव हैं। मोहनलाल की पहली फिल्म 'मंजिल विरिंजा पूक्कल' थी, जिसके लिए अभिनेता को 2000 रुपये मिले थे। यह पैसे अभिनेता ने एक अनाथालय में दान कर दिए थे।



### विजय

थलापति विजय साउथ इंडस्ट्री के उन अभिनेताओं में से एक हैं, जिनके नाम से ही फिल्में चल पड़ती हैं। अभिनेता ने अपने करियर की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में की थी। उनकी पहली फिल्म 'वेत्री' थी और तब उनकी पहली कमाई 500 रुपये थी।

### अल्लू अर्जुन

पैन इंडिया स्टार बन चुके अल्लू अर्जुन फिल्मों में एनिमेटर का काम कर चुके हैं। इस काम के लिए अभिनेता को पहली सैलरी 3500 रुपये मिली थी। हालांकि, आज के समय में अल्लू अर्जुन करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं।

# केजीएफ-2: यश की फिल्म ने लहराया साउथ सिनेमा का परचम, रीजनल के साथ-साथ वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी बनाए कई रिकॉर्ड्स

कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म 'केजीएफ: चैप्टर 2' ने भारत के साथ-साथ वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी कई रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। भारत में अब तक 750.82 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली यह फिल्म वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। इसके साथ ही एस एस राजामौली की आरआरआर, प्रभास की बाहुबली 2 और आमिर खान की दंगल के बाद प्रशांत नील की केजीएफ-2, 1000 करोड़ का कारोबार करने वाली चौथी भारतीय फिल्म बन गई है। गौरतलब है कि 1000 करोड़ के क्लब में प्रवेश लेने वाली इन चारों फिल्मों में से तीन फिल्में साउथ की हैं, जबकि बॉलीवुड की सिर्फ दंगल ही ये आंकड़ा पार कर सकी है।इतना ही नहीं, केजीएफ के दूसरे भाग ने अपने नाम कई अन्य रिकॉर्ड्स भी किए हैं।



### 1000 करोड़ के क्लब में प्रवेश लेने वाली चौथी फिल्म

एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने रिलीज के 16 दिनों बाद वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। इत्तेफाकन, प्रशांत नील की फिल्म केजीएफ:चैप्टर 2 ने भी 16वें दिन ही 1000 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री ली। अब यह फिल्म आरआरआर, बाहुबली 2 और दंगल के बाद 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है।

### कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म केजीएफ:चैप्टर 2 कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। बता दें कि 2018 में रिलीज हुई केजीएफ:चैप्टर 1 को भी दुनियाभर में खूब पसंद किया गया था। 80 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 250 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं भाग 2 ने 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यानी, दोनों भागों का कुल कलेक्शन, किसी भी कन्नड़ फिल्म के कलेक्शन से बहुत ज्यादा है।

### सबसे ज्यादा ओपनिंग ग्रॉस वीकेंड कलेक्शन

14 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म 'केजीएफ: चैप्टर 2' सबसे ज्यादा ओपनिंग ग्रॉस वीकेंड कलेक्शन करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। बता दें कि प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में ही 552 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया था। वहीं प्रभास की 'बाहुबली-2' ने अपने ओपनिंग वीकेंड में 526 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था। यानी ग्रॉस वीकेंड कलेक्शन के मामले में यश की फिल्म, प्रभास की फिल्म से आगे निकल गई है। इतना ही नहीं, केजीएफ:चैप्टर 2 जितनी कमाई, आज तक किसी भी कन्नड़ फिल्म के हिंदी डब वर्जन ने नहीं की है।

### ओपनिंग डे ग्रॉस कलेक्शन

'केजीएफ:चैप्टर 2' का ओपनिंग डे ग्रॉस कलेक्शन 52 करोड़ रुपये रहा है। यह हिंदी सिनेमा इतिहास में सबसे ज्यादा है। यश की फिल्म ने ऋतिक रोशन की 'वॉर' (50 करोड़) और अमिताभ बच्चन की 'ठग्स ऑफहिंदोस्तान' (48 करोड़) का भी रिकार्ड तोड़ दिया है।

### सबसे ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन करने वाली फिल्म

केजीएफ-2 के हिंदी वर्जन ने रिलीज के बाद, 14 दिनों के अंदर ही 353 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया था। इस तरह यश की फिल्म कोरोना महामारी के बाद सबसे ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन करने वाली हिंदी फिल्म बन गई।

### एडवांस बुकिंग का रिकॉर्ड

केजीएफ की सफलता के बाद केजीएफ: चैप्टर 2 का क्रेज इस कदर था कि फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 60 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया था। बता दें कि एडवांस बुकिंग के जरिए इतनी कमाई करने वाली यह पहली फिल्म है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इससे पहले बाहुबली-2 ने 58 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

### रीजनल सिनेमा में तोड़े कई रिकॉर्ड्स

भारत और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स तोड़ने के अलावा केजीएफ- 2 ने रीजनल सिनेमा के मामले में कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। फिल्म ने ओडिशा में 10 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन, केरल में ये सबसे तेजी से 50 करोड़ का आंकड़ा पार, तमिलनाडु व मुंबई में 100 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री जैसे तमाम रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं।

# केरल के दंपती ने अभिनेता धनुष को बताया अपना तीसरा बेटा, कोर्ट ने एक्टर को जारी किया समन

धनुष साउथ इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। वह अक्सर अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार वह किसी अलग वजह से चर्चा में हैं। दरअसल केरल के एक दंपती ने धनुष को लेकर जो दावा किया है उससे सभी हैरान हैं। इस वजह से मद्रास हाईकोर्ट ने अभिनेता को समन भी भेजा है। दरअसल केरल के दंपती कथिरेसन और उनकी पत्नी मीनाक्षी का दावा है कि अभिनेता धनुष उनके बेटे हैं। इस दंपति ने मद्रास हाईकोर्ट में केस दर्ज कराया था, जो पिछले कई साल से चल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले में कोर्ट ने धनुष को समन जारी किया है। कथिरेसन ने अदालत में दावा किया था कि अभिनेता ने डीएनए जांच के फर्जी दस्तावेज जमा किए थे, जिसके लिए उन्होंने पुलिस जांच की मांग भी की थी। कथिरेसन ने एक अपील दायर कर अदालत से उस आदेश को रद्द करने के लिए कहा है जो 2020 में पारित किया गया था, जिसमें डीएनए रिपोर्ट को सही बताया गया था।



इस दंपती का कहना है कि धनुष उनके तीसरे बेटे हैं। वह फिल्मों में काम करने के लिए उनका घर छोड़कर चले गए थे। कथिरेसन ने खुद को अभिनेता का माता-पिता बताते हुए 65 हजार रुपये हर महीने मुआवजे की मांग की है। वहीं दूसरी ओर धनुष ने दंपती के सभी आरोपों से इनकार कर दिया है। कथिरेसन की याचिका को मदुरै हाई कोर्ट में खारिज कर दिया गया था जिसके बाद उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट में इस मामले में गुहार लगाई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने अभिनेता धनुष के खिलाफनोटिस जारी किया है।

## लॉकअप' से खत्म हुआ पूनम पांडे का सफर

# शो से बाहर होने के बाद फूट-फूटकर रोईं

कंगना रणौत का रियलिटी शो लॉकअप इस समय काफी चर्चा में है। इस शो में कंटेस्टेंट के बीच काफी लड़ाई-झगड़ा और चौंका देने वाले सीक्रेट देखने और सुनने को मिल रहे हैं। तीन हफ्ते पहले शुरू हुआ शो धीरे-धीरे अपने आखिरी पड़ाव में पहुंच रहा है। 7 मई को शो का फिनाले होने वाला है और उसी दिन विनर की भी घोषणा हो जाएगी। हालांकि इससे पहले कंटेस्टेंट के बीच कड़ी मुकाबला चल रहा है। आज शो से जुड़े अपडेट से पता चला है कि पूनम पांडे लॉक अप से बाहर हो गई हैं।

इंस्टाग्राम पर ऑल्ट बालाजी ने शो से जुड़ा एक प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो देखने से पता चलता है कि जैसे ही पूनम पांडे के शो से बाहर होने की बात कही गई वैसे ही वह रोने लगीं। पूनम पांडे को फिनाले न जीत पाने का बहुत दुख है। इस दौरान जेलर करण उनका हौसला बढ़ा रहे थे और उनके लिए कुछ अच्छी बातें भी शेयर कीं।




पूनम पांडे इस शो में भी टॉपलेस होने को लेकर चर्चा में रही हैं। दरअसल पूनम ने वोट पाने के लिए ऐसा किया था। उन्होंने अपने फैंस से वादा किया था कि अगर वह शो में बनी रहती हैं तो वह टॉपलेस हो जाएंगी। पूनम को शो से निकाले जाने के बाद अब पायल रोहतगी, सायशा शिंदे, आजमा फलाह, अंजलि अरोड़ा, मुनव्वर फारुकी, शिवम शर्मा, प्रिंस नरुला बचे हुए हैं।

बता दें कि पूनम ने 27 फरवरी को शो प्रीमियर के दिन लॉक अप में प्रवेश किया था। वह उन पांच प्रतियोगियों में शामिल थीं, जिन्होंने मंगलवार को बाहर निकाले जाने तक सबसे लंबा समय जेल में बिताया था। मुनव्वर फारुकी, पायल रोहतगी, शिवम शर्मा और अंजलि अरोड़ा ने पहले दिन शो में प्रवेश किया था।

## एक्ट्रेस ने शेयर किया वीडियो

# परिणीति चोपड़ा ने गाया 'लग जा गले', गाने को सुन इमोशनल हुए मिथुन चक्रवर्ती

परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर 'हुनरबाज' के सेट से एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में परिणीति स्टेज पर 'लग जा गले' गाना गाती हुई नजर आ रही हैं। सॉन्ग सुनकर मिथुन चक्रवर्ती की आंखों में आंसू आ गए। लता मंगेश्कर के सॉन्ग को एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरती से गाया है। उनके सॉन्ग को सुनकर शो के जज करण जौहर और मिथुन चक्रवर्ती इमोशनल हो गए। वीडियो को पोस्ट करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया। परिणिती ने ये परफॉर्मेंस हुनरबाज के ग्रांड फिनाले में दी थी। एक्ट्रेस को गाना गाते हुए देख नीतू कपूर भी स्माइल करती दिखीं। 'हुनरबाज' में बतौर जज बनकर परिणीति चोपड़ा ने पहली बार टीवी पर डेब्यू किया है।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### केवल एक कॉल 14545 पर, प्रमाण पत्र मिला घर बैठे

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के बालकोनगर निवासी अभिषेक कुमार बघेल ने सोचा नहीं रहा होगा कि उन्हें घर बैठे विवाह प्रमाण पत्र यूं ही मिल जाएगा, जिस प्रमाण पत्र के लिए कई बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था, वह दस्तावेज उन्हें घर पहुंचाकर मिला, यह सब हुआ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुख्यमंत्री मितान योजना की बदौलत। प्रदेश में अब तुहर सरकार-तुहर द्वार की परिकल्पना साकार हो रही है तथा मुख्यमंत्री मितान योजना आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा नित नई क्रियान्वित की जा रही है जनहितैषी योजनाओं की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में मुख्यमंत्री मितान योजना 01 मई मजदूर दिवस के मौके पर प्रदेश में क्रियान्वित की गई है। यह योजना वर्तमान में प्रदेश के 14 नगर निगमों में संचालित हुई तथा आगे क्रमशः प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत आमजन को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार जैसे प्रमाण पत्रों व कार्यो हेतु उन्हें अब कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, उन्हें केवल इसके लिए टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा, शासन द्वारा नियुक्त मितान उनके घर पहुंचेगा।

### ईरपानार में लगाया जायेगा स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** पखांजूर तहसील के ग्राम ईरपानार में स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा क्षेत्रवासियों का उपचार किया जायेगा। इस शिविर के साथ ही निःशक्तजन शिविर भी लगाई जायेगी। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने आज आयोजित बैठक में समय-सीमा में निराकरण पत्रों की समीक्षा करते हुए इस आशय के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके और समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सिनीवाली गोयल को दिये। भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित ग्रामों में ग्रामसभा का आयोजन करने, वृक्ष कटाई के प्रकरणों में कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है। विभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण में प्रगति की समीक्ष । भी कलेक्टर द्वारा की गई तथा सभी जनपद सीईओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विद्युत पोल का शिप्टिंग एवं पाईपलाईन शिप्टिंग के लिए टेंडर जारी करने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# अनुराग ठाकुर ने खेल क्षेत्रों में अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग करने किया आह्वान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यऔर खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें खेल खेलने के लिए सप्ताहांत या छुट्टियों के दिनों का इंतजार नहीं करना चाहिए बल्कि कहीं भी और किसी भी समय खेल शुरू कर देना चाहिए।**



उन्होंने पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस (सीएसई) में खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि इस केंद्र की अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक कौशल विकसित करने के उद्देश्य हेतु किया जाना चाहिए। पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस (सीएसई) बेंगलुरु में 15 एकड़ में बना एक विश्व स्तरीय एकीकृत खेल परिसर है। इसमें बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, तैराकी, स्क्वॉश, बास्केटबॉल और निशानेबाजी में अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी और मनोविनोद एथलीटों, पेशेवर कोचों, खेल अकादमियों और इच्छुक युवा प्रतिभाओं को उनकी पसंद के खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सीएसईको अभी हाल में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा बैडमिंटन और तैराकी दोनों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी गई थी। सीएसई की अकादमियां खेल संस्कृति के निर्माण और प्रोत्साहन के लिए जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों को पूरा करती हैं और साथ-साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करने का लक्ष्यभी निर्धारित करती है। सीएसईनेपहले ही लक्ष्य सेन, श्रीहरि नटराज, अश्विनी पोनप्पा और अपूर्वी चंदेली जैसे भारत के कुछसर्वाधिक प्रतिभाशाली और सफल एथलीटों की मेजबानी की है। सीएसई देश में कुछ सबसे सफल और प्रसिद्ध खेल अकादमियों का घर है,जो द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता विमल कुमार (प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक) और निहार अमीन (डॉल्फिन एक्वेटिक्स के प्रमुख प्रशिक्षक) सहित कुछ बहुत कुशल प्रशिक्षकों द्वारा संचालित की जा रही हैं। किसी एथलीट की यात्रा काएक महत्वपूर्ण पहलू वह समर्थन है जिसकी उसे विश्व स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए खेल विज्ञानों के माध्यम से जरूरत पड़ती है। सीएसई में, अभिनव बिंद्रा टार्गेटिंग परफॉर्मेंस सेंटर (एबीटीपी), वेसोमा स्पोर्ट्स मेडिकल सेंटर और समीक्षा साइक्लॉजी हमारे एथलीटों कोग्राहक सेवाएं प्रदान करते हैं जिनमें फिजियोथेरेपी, चोट पुनर्वास, हाइड्रोथेरेपी, जेरियाट्रिक देखभाल, खेल पोषण और खेल मनोविज्ञान शामिल हैं।

### दो वर्ष के लगातार लॉक डाउन के बाद अक्षय तृतीया पर हुआ आभूषण बाजार गुलजार

# लगभग 15 हजार करोड़ का सोने के आभूषणों का हुआ व्यापार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि पिछले दो वर्ष कोरोना संकट कारण हुए लॉक डाउन के बाद अक्षया तृतीया पर देश भर के सराफा बाजार में काफी गहमा गहमी दिखाई दी जिसके कारण इस बार सराफा कारोबारियों ने बड़ा व्यापार किया ।**



और अक्षय तृतीया पर ग्राहकों को लुभाने के लिए ज्वैलर्स ने हल्के जेवरों की अच्छी रेंज का व्यापार किया -यह बताते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा की दो वर्ष के अंतराल के बाद आज देश भर में सोने चांदी का लगभग 15 हजार करोड़ का व्यापार हुआ। अक्षय तृतीया को भारत में बहुत शुभ दिन माना जाता है और इस दिन सोना-चांदी खरीदने से घर एवं व्यापार में बरक्कत होती है, ऐसी मान्यता है और इसलिए ही यह दिन सोने-चांदी के व्यापार के लिए भी बहुत शुभ माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान शिव ने कुबेर को खजाना व माता लक्ष्मी को धन की देवी होने का आशीर्वाद दिया था।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि तीन वर्ष पहले 2019 में अक्षय तृतीया के मौके पर सोने और चांदी के भाव में ज्यादा अंतर नहीं था। सोना तब 32,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी 38,350 रुपये प्रति किलो थी। वहीं, इस वर्ष अक्षय तृतीया के पांच दिन पहले सोना 53 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी 66,600 रुपये प्रति किलो के आस-पास ही रहने का अनुमान है। वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना संकट के चलते अक्षय तृतीया पर देश भर के सराफा दुकानें नहीं खुल सकीं थीं।

श्री पारवानी एवं दोशी ने बताया की अंतरराष्ट्रीय पटल पर 2021 की प्रथम तिमाही में गोल्ड बार और सिक्के के रूप में भारत मे 39.3 टन सोने का आयात किया गया जबकि 2022 की प्रथम तिमाही में यह बढ़ कर 41.3 टन पहुँच गया वहीं गोल्ड ज्वैलरी के रूप में 2021 के प्रथम तिमाही में आयात 126.5टन था जो कि 2022 की प्रथम तिमाही में 94.2 टन ही रहा जो कि निवेशको के गोल्डबार और सिक्के के रूप में लोगों की निवेश की बढ़ती प्रवत्ति को प्रदर्शित करता है।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने यह भी बताया की 2019 में देश भर में सिर्फअक्षय तृतीया पर ही लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के सोने की बिक्री की गई थी। लेकिन, 2020 में अक्षय तृतीया पर मई माह में लॉकडाउन होने के कारण सोने की बिक्री शगुन के रूप में महज 5 फीसदी यानी करीब 500 करोड़ के आसपास ही हुई थी। लगातार दो साल लॉकडाउन में अक्षय तृतीया का त्योहार आने के बावजूद भी देश के ज्वेलरी व्यापार की कमर ही टूट गई है, किन्तु अबकी 2022 में देश कोरोना महामारी से उबर चुका है और आज देश भर के स्वर्ण बाजारों में ग्राहकों में बहुत उत्साह देखा गया । आज बड़ी मात्रा में देश भर में बहुत से लोगों ने अभी से जेवरों की बुकिंग भी की गई जिसकी डिलीवरी आगामी दो-तीन दिनों में होगी । श्री पारवानी एवं दोशी ने आगे कहा कि कैट की वैदिक कमेटी के अध्यक्ष एवं देश के प्रमुख ज्योतिषी श्री आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया की भारतीय ज्योतिष गणना के अनुसार इस बार पांच ग्रहों के साथ पांच महायोग की शुभ स्थिति बनी है।

## मंत्री श्रीमती भेंड़िया अक्ती तिहार एवं माटी पूजन कार्यक्रम में हुईं शामिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया 3 मई को बालोद जिले के ग्राम चरोटा के मंत्री श्रीमती भेंड़िया अक्ती तिहार एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया आज 3 मई को बालोद जिले के ग्राम चरोटा के आदर्श गौठान में आयोजित अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने भुईयां माता की पूजा कर अक्ती तिहार और माटी पूजन दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी।**

संजारी -बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा भी इस अवसर पर मौजूद थी। करने की शपथ ली।

इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विवाह बंधन में बंधे 19 वर श्रीमती भेंड़िया ने अक्ती तिहार के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेश का वाचन किया और लोगों को भुईयां माता की रक्षा की शपथ दिलाई। सभी लोगों ने मिट्टी की रक्षा करने और अपने खेत, बगीचों और घरो में जैविक खाद का उपयोग करने की शपथ ली।

इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विवाह बंधन में बंधे 19 वर वधुओं को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने उद्यान विभाग की योजना के अंतर्गत पांच हितग्राहियो को सब्जी मिनीकीट, कृषि विभाग की योजना के अंतर्गत दो हितग्राहियों को सुगंधित धान का बीज वितरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता पीमन साहू ,जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू ,जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष श्री संजय चन्द्राकर, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री जनमेजय महोब सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जैविक खाद उपयोग करने चलाया जायेगा जागरूकता महाअभियान- शोरी

### रासायनिक खादों और कीटनाशकों की जगह जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट और गौ-मूत्र के उपयोग को ज्यादा से ज्याद बढ़ावा देने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। अक्ति तिहार एवं माटी पूजन कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक श्री शिशुपाल शोरी की मुख्य अतिथि में आयोजित की गई। संसदीय सचिव श्री शोरी ने अक्ति तिहार एवं माटी पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि आज अक्षय तृतीया है, जिसे हम लोग अक्ती तिहार के रूप में मनाते हैं।**




अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षरण न हो। आज के दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है। कोई भी काम की आज शुरुआत होती है, उसकी पूर्णता निश्चित मानी जाती है। शादी-ब्याह के लिए भी आज के दिन मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती। अक्ती का यह दिन हमारी संस्कृति के साथ-साथ हमारी कृषि परंपरा में भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

आज के दिन से ही नयी फसल के लिए तैयारी शुरु हो जाती है। मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों शादी की परंपरा के माध्यम से हमारे पुरखों ने इस त्यौहार को हमारी धरती से भी जोड़ा है। उनका संदेश यही था कि हमारे जीवन का मूल यही माटी है। इसे हमेशा जीवंत मानते हुए, उसका आदर-सम्मान करना चाहिए। पिछले कुछ दशकों में हमने अपने खेतों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का बहुत ज्यादा उपयोग किया है, इससे हमारी धरती की उर्वरक शक्ति नष्ट हो रही है। हमारे अनाज विषैले होते जा रहे हैं। हमारे स्वास्थ्य को नुकसान हो रहा है।

हमारे पशुओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। हम इस समय जिन पद्धिति से खेती कर रहे हैं, वह प्रकृति की पूजा और सेवा की हमारी परंपरा के अनुरूप नहीं है। यह समय अपनी स्वस्थ्य परंपराओं की ओर लौटने का समय है। अपनी माटी और अपनी धरती को यदि हमने अभी नहीं बचाया तो फिर बाद में बहुत देर हो चुकी होगी। इसीलिए पुरखों के बताए रास्ते पर चलते हुए आज अक्ती के शुभ दिन से हम छत्तीसगढ़ में माटी-पूजन महाभियान की शुरुआत कर रहे हैं। इस महाभियान में हम रासायनिक खादों और कीटनाशकों की जगह जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट और गौ-मूत्र के उपयोग को ज्यादा से ज्याद बढ़ावा देंगे। रासायनिक खेती से प्रकृति और मानव जीवन को होने वाले नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। अपने अन्न को रसायनों के विष से मुक्त करते हुए लोगों को जैविक अन्न के उपयोग के लिए प्रेरित करेंगे। इन सबके साथ-साथ खेती-किसानी में आने वाली लागत को कम करते हुए अपनी खेती को और ज्यादा फायदेमंद बनाएंगे। इस तरह हम अपनी सतत और टिकाऊ खेती का विस्तार करेंगे। प्रकृति के साथ अपने संबंध को फिर से मजबूत करेंगे। यह महाभियान पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ शुरू हो रहा है। इसके लिए शासन की ओर से अवश्य पहल की जा रही है, लेकिन यह महाभियान हर छत्तीसगढ़िया का अपना महाभियान है। हम सबको मिलकर इसे सफल बनाना है।

## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव विधिवत पूजा मंत्रोपचार के साथ किया गया

**दुर्ग।** अक्षय तृतीया तिथि को भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव द्विज एकता मंच ब्राह्मण संगठन ने धूमधाम से मनाया। भगवान परशुराम की प्रतिमा व विशाल छायाचित्र की विधिवत पूजा मंत्र के साथ किया गया। आज बोरसी में स्वामी यज्ञानंद ब्रम्हचारी जी के सानिध्य में वैदिक मंत्र के साथ द्विज एकता मंच ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवेश मिश्रा, अजय मिश्रा अभिषेक शर्मा, सत्यनारायण सावर्णी, सुमित तिवारी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने पूजा आरती की, मिठाइयां बांटी और एक दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया।


अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971, 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower, Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing, Printer, Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
Gym Servicing, Gym Equipment & Accessories Available, Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/- Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshi n ga ngotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### जमीन विवाद में समझौता कराने गए आरक्षक की पिटाई, भागकर बचाई जान

**बिलासपुर ( ए )।** दो भाइयों के जमीन विवाद में समझौता कराने गए आरक्षक की बड़े भाई ने पिटाई कर दी। आरक्षक ने भागकर अपनी जान बचाई। आरक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस लाइन निवासी विजय शर्मा बिलासपुर पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि मंगलवार को संजू त्रिपाठी ने फोन कर बताया कि पारिवारिक जमीन को लेकर उसके और छोटे भाई कपिल त्रिपाठी के बीच विवाद चल रहा है। अभी साथ में पिता भी हैं। इसलिए कपिल त्रिपाठी को घर लेकर आ जाओ, बैठकर समझौता कर लेंगे। इस पर आरक्षक विजय शर्मा कपिल को लेकर संजू के कुदुदड चांदनी चौक स्थित घर पहुंचे। कपिल और संजू के बीच जमीन बंटवारा को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी दौरान संजू त्रिपाठी गुस्से में आकर कपिल के साथ गाली-गलौज करने लगा और अपने दोस्त मंगल केशरवानी, रितेश तिवारी व अन्य लोगों को बुला लिया। संजू लाठी से कपिल के साथ मारपीट करने लगा और लोहे के फर्सा से कपिल के सिर पर वार कर दिया। आरक्षक विजय ने बीच-बचाव किया। तब संजू त्रिपाठी ने उसके साथ भी झूमाझटकी व मारपीट की। आरक्षक ने किसी तरह वहां से निकलकर अपनी जान बचाई। घायल कपिल त्रिपाठी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपित संजू के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### बेटा मिलने पहुंचा तो मिला पिता का शवः अकेले रहता था अधेड़, सड़ चुकी थी लाश

**भिलाई।** एक मकान के अंदर अधेड़ का तीन दिन पुराना शव मिला है। शव के पास नारियल पानी, पानी की बोतल, चाकू व मोबाइल मिला है। मौत कैसे हुई इसका पता अभी नहीं चल पाया है। जामुल पुलिस ने मर्ग कायम मामले की जांच शुरू कर दी है। जामुल थाना प्रभारी गौरव पाण्डेय ने बताया कि ढांचा भवन ईडब्ल्यूएस 1516 निवासी इंदीवर त्रिपाठी (52) की लाश उसके मकान में पाई गई। इंदीवर अपने मकान में अकेला रहता था। उसकी पत्नी और बच्चे अलग रहते थे। मंगलवार शाम उसका 18 वर्षीय बेटा अविरल अपने पिता से मिलने पहुंचा था। उसने काफी देर तक दरवाजा खुटखटाया, लेकिन नहीं खुला।

अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। इस पर अविरल ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा तो पिता की लाश पड़ी थी। पिता की लाश देखकर वह घबरा गया। लाश सड़ने लगी थी। देखते ही देखते मोहल्ले के लोग वहां एकत्र हो गए। अविरल ने जामुल पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बीच सड़क बाप और बेटे ने चाकू मारकर युवक की ली जान

**बिलासपुर ( ए )।** सकरी के ग्राम घुरू में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते बाप और बेटे ने मिलकर दिनदहाड़े बीच सड़क पर चाकू से वार कर युवक की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम घुरू निवासी संतोष यादव(32) गैरेज संचालक थे। उनकी गांव के रहने वाला संतोष सूर्यवंशी के साथ पुरानी रंजिश थी। मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे संतोष यादव अपने गैरेज में काम कर रहे थे। इसी दौरान वे टहलने के लिए अभिषेक किराना दुकान के पास गए। वहां संतोष सूर्यवंशी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। उसी समय संतोष सूर्यवंशी का बेटा सुरेंद्र उर्फ लालू सूर्यवंशी भी पहुंच गया। विवाद बढ़ने पर बाप और बेटे संतोष यादव के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान दोनों ने चाकू से संतोष यादव के पेट, पीठ, सीने समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर कई बार वार किए। इससे संतोष खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गए। मारपीट की सूचना मिलते ही संतोष यादव के स्वजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल संतोष यादव को आटो से अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पत्नी पर बुरी नजर थी, बड़े भाई को मार दिया

# शराब पीकर करता था छेड़खानी, छोटे भाई ने हत्या कर दफना दिया शव

**बालोद (ए)।** बालोद में पत्नी पर बुरी नजर रखने के चलते एक युवक ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। इसके बाद पत्नी के साथ मिलकर उसके शव को तालाब के किनारे दफना दिया। फिर थाने जाकर उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करा दी। 20 दिन बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर जब युवक से पूछताछ की तो मंगलवार को मामला खुला। इसके बाद शव को बरामद किया गया। मामला मंगचुआ थानाक्षेत्र की है।




जानकारी के मुताबिक, चिलमगोटा डोरवेपार निवासी कृष्णा कोरेटी 18 अप्रैल की रात घर में शराब पीकर पहुंचा। वहां छोटे भाई गोविंद की पत्नी अकेली थी। नशे की हालत में कृष्णा ने उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसी दौरान गोविंद पहुंच गया। बड़े भाई को पत्नी के साथ अश्लील हरकत करते देख गोविंद ने विरोध किया, तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। इसी दौरान धक्का-मुक्की में कृष्णा जमीन पर गिरा और सिर पर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई।

इस पर गोविंद और उसकी पत्नी घबरा गए। दोनों ने मिलकर इससे बचने के लिए षड्यंत्र किया और गांव के दोरबेपारा में खुदाई हो रहे नए तालाब के पास गड्ढा खोद कृष्णा की लाश दफना दी। फिर दोनों घर लौट आए। अगले दिन पति-पत्नी दोनों थाने पहुंचे और बड़े भाई के गुमशुदा होने का मामला दर्ज करा दिया। इसके बाद से ही पुलिस कृष्णा की तलाश कर रही थी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

### पुलिस ने संदेह पर गोविंद से पूछताछ की तो खुला मामला

काफी समय से कृष्णा का सुराग नहीं मिला तो पुलिस को गोविंद पर ही संदेह हुआ। इस पर उसे बुलाकर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की। इस पर गोविंद ने सारी सच्चाई पुलिस के सामने बता दी। इसके बाद पुलिस उसे लेकर तालाब के किनारे पहुंची और शव बरामद कर लिया। शव काफी सड़ चुका था। ऐसे में उसका डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि कृष्णा आदतन शराबी था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह अक्सर गोविंद की पत्नी से छेड़खानी करता था।

# मरीन ड्राइव घूमने आ रहे थे चार दोस्त, डिवाइडर से टकराई कार, चालक की मौके पर मौत





**रायपुर ( ए )।** राजधानी के खम्हारडीह इलाके के राजीव नगर में मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार कार राजीव नगर गेट के सामने डिवाइडर से टकरा गई। जोरदार टक्कर से कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कार में चालक के अलावा एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। सभी दोस्त हैं और दलदल सिवनी से रायपुर के मरीन ड्राइव की ओर से घूमने आ रहे थे। बाकी लोगों को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आई-10 कार क्रमांक सीजी- 04 एमएल 6589 को शिवाजी नगर, दलदल सिवनी निवासी राकेश साहू चला रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना स्थल पर ही राकेश साहू की मौत हो गई है। उनके साथ उनके दोस्त अर्जुन बानखेड़े को चेहरे पर चोट आई है। वहीं दो साथी सुरेंद्र वर्मा और नंदनी वानखेड़े सकुशल है। घटनास्थल पहुंचने के बाद खम्हारडीह पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

# रायपुर में बीमा पालिसी से बोनस दिलाने के नाम पर 49 लाख की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर ( ए )।** बीमा पालिसी के नाम पर रायपुर के एक किसान से 49 लाख रुपये की ठगी हो गई। जाल बिछाने के लिए ठगों ने उन्हें अलग-अलग छह-सात नंबरों से फोन किया। बोनस का लोभ देकर उनसे कई किश्तों में पैसे लिए गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

खमतराई टीआई अश्वनी राठौर ने बताया कि पीड़ित किसान मनमोहन वर्मा के पास बीते वर्ष-2011 में फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को मैक्स लाइफ और आदित्य बिड़ला इंश्योरेंस कंपनी का एजेंट बताया। उसने फोन पर उन्हें झांसे में लिया और कहा कि पांच लाख के इंश्योरेंस में दो वर्ष के भीतर 10 लाख रुपये का बोनस मिलेगा। साथ ही हर तीन-चार महीने के भीतर कमीशन सीधे बैंक अकाउंट में आने की बातें कहीं।

इनकी बातों में आकर मनमोहन ने पांच लाख की आनलाइन बीमा ले लिया। उनके बताए गए अकाउंट में उसने बैंक जाकर पैसे डाल दिए। कुछ दिनों के भीतर फिर दूसरे नंबर से उन्हें फोन आया। इस बार कहा गया कि पांच लाख रुपये का बीमा और लेना पड़ेगा तभी बोनस मिल पाएगा। बीमा न लेने की स्थिति में पहले लिया गया बीमा का पांच लाख रुपये भी लेप्स हो जाएगा। उनके कहने में आकर मनमोहन ने फिर से पांच लाख का बीमा ले लिया। ठगों ने ऐसा कुल चार भागों में कर मनमोहन से अपने अकाउंट में 49 लाख रुपये डलवा लिए। अप्रैल-2022 तक जब उन्हें एक बार भी बोनस नहीं मिला तब उन्हें ठगी का आभाष हुआ। उन्होंने थाने जाकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात फोनधारक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, ऐसे ठग इंश्योरेंस कंपनी के ग्राहकों का डाटा एजेंट से खरीदते हैं। इसमें ग्राहक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, पालिसी नंबर समेत अन्य विवरण मिल जाता है। जिनकी पालिसी समाप्त होने वाली होती है या किश्त देने का समय आता है तो ये उनसे फोन पर इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट बनकर बात करते हैं। पालिसी की राशि दस फीसद छूट, बोनस, क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने और लोन समेत अन्य प्रलोभन देकर अपने झांसे में लेते हैं। इसके बाद अपने खाते में रुपये जमा करा लेते हैं।

# लिफ्ट मैकेनिक की हत्या के मामले पर, बीजेपी नेता का बेटा हिरासत में

**रायपुर ( ए )।** लिफ्ट मैकेनिक मनोज भालाधरे मेश्राम की हत्या के बाद आरोपित पिता-पुत्र, भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी के पुत्र किशोर की गाड़ी से फरार हुए। गाड़ी का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है। गाड़ी नंबर के आधार पर भोजवानी के पुत्र का नाम सामने आया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। राजनांदगांव से गाड़ी भी जब्त कर ली गई है।

इधर, आरोपितों की धरपकड़ के लिए छत्तीसगढ़ के कई शहरों के साथ दूसरे राज्यों में भी छापेमारी की गई है। इधर, पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ये शव लेकर एसपी कार्यालय जाने की तैयारी कर रहे थे। जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारी वहां पहुंचे। इन्होंने आहत परिजनों को समझाकर शांत किया।

### मामूली विवाद पर की थी पिटाई

गुढ़ियारी निवासी लिफ्ट मैकेनिक मनोज भालाधरे लिफ्ट लगाने का काम करते थे। सोमवार की रात वो अपने बेटे कुणाल के साथ डुमरतराई स्थित दवा बाजार में दिलीप डुम्बानी की दुकान में लगी लिफ्ट की जांच करने गए थे। लिफ्ट में आवाज आने की शिकायत थी। लिफ्ट की जांच कर रहे थे कि दवा दुकान संचालक दिलीप का छोटा लड़का वहां पहुंचा। वहां वह लिफ्ट में पंखा और लाइट लगाने की बात कहकर विवाद करने लगा।

विवाद इतना बढ़ा कि दिलीप और उसके बेटे ने लाठी-डंडे से पिटाई शुरू कर दी। मनोज बेहोश होकर गिर गया। दिलीप व उसके बेटे ने ड्राइवर की सहायता से मनोज को निजी अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मैकेनिक के बेटे कुणाल को बंधक बनाकर उसकी पिटाई करते रहे।

ड्राइवर ने जब फोन कर मनोज के मरने की सूचना दी तो आरोपित कुणाल को छोड़कर फरार हो गए। इससे पहले उसके गले से चांदी की चेन लूट ली गई थी। मृतक के पुत्र कुणाल के बयान के आधार पर आरोपित दिलीप रहेजा और उसके दोनों पुत्र प्रेम और दीप सहित नौकर के विरुद्ध लूट, हत्या के प्रयास और अपहरण का अतिरिक्त अपराध दर्ज किया गया है।

### जल्द ही आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे

आरोपितों की तलाश में टीम लगी हुई है। दूसरे जिलों के साथ अन्य कुछ राज्यों में भी टीम को भेजा गया है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

**- प्रशांत अग्रवाल, एसएसपी, रायपुर**

पत्नी की मनमानी पर कोर्ट की फटकारः पत्नी ने ने कहा-

# ससुराल में नहीं रहना मायके में रहो, कोर्ट ने कहा पति पर मायके में रहने का दबाव बनाना क्रूरता

**बिलासपुर ( ए )।** शादी के महज तीन महीने ससुराल में गुजारने के बाद पत्नी अपने मायके लौट गई। पति लेने पहुंचा तो ससुराल में रहने से साफ इनकार कर दिया। कहा कि वह पति के परिजनों के साथ नहीं रह सकती। पति से कहा कि साथ रहना है तो मेरे मायके में रहना होगा। पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर पूरे प्रयास करने के बाद भी पत्नी अपने मायके से नहीं लौटी तो पति ने फैमिली कोर्ट में केस लगाया, लेकिन कोर्ट ने इसे नामंजूर कर दिया।

हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस एनके चंद्रवंशी की बेंच ने पति पर मायके में रहने के लिए दबाव डालने को क्रूरता मानते हुए तलाक की अर्जी मंजूर की है। कोरबा के शैलेंद्र चंद्रा की शादी 18 जून 2011 को सक्ती की भारती से हुई। उनका वैवाहिक जीवन तीन माह तक ठीक से गुजरा, फिर दोनों में विवाद होने लगा।

एक दिन पति को जानकारी दिए बगैर पत्नी अपने पिता के साथ मायके चली गई। कई बार समझाने पर वह ससुराल लौटी, लेकिन पति से कहा कि वह उसके परिजन के साथ नहीं रहना चाहती। साथ जीवन गुजारना है तो मेरे साथ मायके में रहना होगा। ऐसा नहीं करने पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराने की धमकी दी। इसके बाद 25 मार्च 2012 को पति को बिना बताए फिर अपने पिता के साथ मायके लौट गई।



### हाईकोर्ट ने मंजूर किया आवेदन, सुको के फैसले का हवाला

हाईकोर्ट ने कोरबा फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह कहने में संकोच नहीं कि कोर्ट ने आदेश जारी करने में गंभीर त्रूटि की है। कोर्ट ने निर्णय देने की वजह काउंसलर की भूमिका निभाई, जबकि कोर्ट का दायित्व सबूतों के आधार पर निर्णय देना था। हाईकोर्ट ने क्रूरता के आधार पर तलाक की डिक्री मंजूर की है।

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया है, जिसमें सुको ने कहा था कि भारतीय परिवारों में शादी के साथ माता-पिता से अलग रहने की परंपरा नहीं। बच्चे की परवरिश और पढ़ाई- लिखाई कराने के साथ योग्य बनाने वाले माता-पिता नहीं चाहते कि उनका बेटा अलग रहे। खासकर परिवार में एकमात्र कमाने वाला सदस्य होने पर। ऐसी स्थिति में पति पर अपने परिजन से अलग रहने का दबाव डालना क्रूरता माना जाएगा।

### पति पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराने की धमकी दी

पति अपने परिजन और समाज के कुछ प्रतिष्ठित लोगों के साथ पत्नी को लाने गया, लेकिन वह नहीं लौटी। इस बीच, दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराने की धमकी देती रही। आखिरकार शैलेंद्र ने कलेक्टर और पुलिस अफसरों को आवेदन दिया। इसके बाद कोरबा के फैमिली कोर्ट में हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के तहत विवाह विच्छेद के लिए मामला लगाया। यहां उनमें समझौता हो गया, फिर भी वह ससुराल में नहीं रहती थी।

21 मार्च 2013 को वे तमिलनाडु के तुतीकोरिन से लौट रहे थे। 22 मार्च 2013 को वह बहाना कर रायपुर स्टेशन में उतर गई और पिता के साथ मायके चली गई। पति ने 11 अप्रैल 2013 को मां की तबीयत खराब होने पर बुलाया तो नहीं आई। समाज से नोटिस भेजने पर लेने से इनकार कर दिया। सभी प्रयासों के बाद भी वापस नहीं आने पर पति ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।
























### शिक्षा विभाग के अधिकारियों के संग विधायक ने की स्कूल संचालन के संबंध में चर्चा

# विधायक यादव की पहल से भिलाई को मिलेगा एक और अंग्रेजी माध्यम स्कूल की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव जब महापौर थे तब उन्होंने भिलाई के सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाने का सपना देखा था,जो उनके अथक प्रयासों से अब सफल होते जा रहा है। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से भिलाई शहर को एक और अंग्रेजी माध्यम स्कूल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल की सौगात मिलने वाली है।**



शा.उ.मा.विद्यालय छावनी को स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाया जाएगा। इसी तारतम्य में सोमवार की सुबह भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल, शिक्षा अधिकारी राजेंद्र राव, विधायक प्रतिनिधि व लोक कर्म प्रभारी एकांश बंछोर, प्राचार्य बी फ्रांसेस, क्षेत्रीय पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक देवेंद्र यादव ने स्कूल प्रबंधन व शिक्षा अधिकारी को बताया कि छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश भर में 50 और अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने वाले हैं। इसमें से एक शा.उ.मा.विद्यालय छावनी भी शामिल होगा। इसलिए यहां के बेहतर संसालन के संबंध में बैठक कर चर्चा की गई। करीब 1 घंटे तक चली चर्चा में विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने से क्षेत्र के सामान्य वर्ग के पालकों को काफी लाभ होगा। जो लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा नहीं पाते हैं। वे पालक अपने बच्चों को इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ा सकेंगे। शासन यहां प्राइवेट स्कूल की तरह हाई क्लास सुविधा मुहैय्या कराएगी।

## एक साथ चलेंगे अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल

शा.उ.मा.विद्यालय छावनी वर्तमान में हिंदी माध्यम सरकारी स्कूल है। यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की जाएगी। लेकिन हिंदी माध्यम स्कूल को बंद नहीं किया जाएगा। बल्कि इसी स्कूल के भवन में अलग-अलग पाली में अंग्रेजी और हिंदी दोनों माध्यम के स्कूल चलेंगे। इसके लिए बेहतर व्यवस्था बनाने का निर्देश विधायक देवेंद्र यादव ने शिक्षा अधिकारी को दिया हैं।

## अलग से भर्ती होंगे शिक्षक

अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरूआत होने के साथ ही यहां अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों व अन्य स्टाफ की अलग से भर्ती की जाएगी। शुरूआती दौर में स्कूल के कक्षा पहली और कक्षा छठवी में अंग्रेजी माध्यम में भर्ती लिया जाएगा। जो पालक अंग्रेजी माध्यम में बच्चों को पढ़ाना चाहेंगे वे कक्षा पहली और छठवी में प्रवेश दिलाएंगे। इस प्रकार आने वाले 5 साल बाद स्कूल पूरी तरह से अंग्रेजी माध्यम हो जाएगा।

## विधायक ने की थी सबसे पहले पहल

भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव भिलाई के पहले सबसे कम उम्र से युवा महापौर बने। जब वे महापौर थे, तब उन्होंने अपने बजट में यह घोषणा की थी कि वे शहर के सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाएंगे। तब यह सिर्फ एक सपना हुआ करता था। लेकिन विधायक देवेंद्र यादव की दूरदर्शिता और अथक प्रयास के चलते प्रदेश सरकार ने भी उनकी इस महत्वपूर्ण योजना को समझा और ना सिर्फ भिलाई व दुर्ग जिले में बल्की पूरे प्रदेश में विधायक देवेंद्र यादव की योजना को लागू करते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल की शुरूआत की। भिलाई नगर के विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अथक प्रयासों से प्राइवेट स्कूलों की तरह ही अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल खोला जा रहा है। जो की बड़ी ही सराहनीय पहल है। आजतक प्रदेश व देश के इतिहास में शिक्षा के लिए ऐसी सराहनीय पहल किसी ने नहीं की थी, लेकिन इस असंभव कार्य को हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने संभव कर दिखाया है और अब गरीब परिवार का बच्चा भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ पा रहे हैं।

# डॉ. मिट्ठू को हाउस ऑफ कॉमन्स इन लंदन में किया जाएगा सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। कॉमर्स गुरू डॉ. संतोष राय एवं आई.पी.सी. एकॉडमी की डॉ. मिट्ठू लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स मे एषियन यू. के. बिजनेश मिट मे होंगे शामिल। शिक्षाधानी भिलाई के दोनो शिक्षको को डब्ल्यू. पी. आर. कारपो द्वारा आमंत्रिण किया गया है। हाउस ऑफकॉमन्स द्वारा डॉ. मिट्ठू का एशियन यू. के. मीट किया जायेगा सम्मान।**



भिलाई और कॉमर्स बिरादरी के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि शहर के दो शिक्षक यू. के. के एशियन यू. के. मीट मे न केवल शामिल होंगे वरन् उन्हें वहाँ सम्मानित भी किया जायेगा। तीन दिन चलने वाले इस मीट मे कॉमर्स गुरू डॉ. संतोष राय एवं आई.पी.सी. एकाडमी की डॉ. मिट्ठू कॉमनवेल्थ एजुकेशन कांफ्रेस एवं पालसी फेरम इन हाउस ऑफ पारलियामेंट मे शामिल होंगे।

डॉ. संतोष राय ने चर्चा के दौरान बताया कि डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट कॉमर्स की बेहतर शिक्षा के लिये कटिबद्ध है। भिलाई को कॉमर्स का कोटा बनाने की चाह रखने वाले यहाँ के शिक्षक सी.ए. प्रवीण बाफना, सी.ए. केतन ठक्कर, सी.ए. दिव्या रत्नानी, डॉ. पीयूश जोशी, सी.एम.ए. अदिती गंगवानी, अविनाश कौर निरंतर छात्रो के मनोबल मे वृद्धि करते है।

196 जोनल मार्केट संचालित संस्था डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट में सी.ए./सी.एम.ए./सी.एस., परसनाल्टी डव्लपमेंट की कक्षाएँ संचालित होती हैं। ऐसे छात्रों के लिए जिनका पढने् में मन नहीं लगता, छोटी-छोटी बातों पर चिड़-चिड़ाते हैं या अत्यधिक गुस्सा आता हैं। उन छात्रों के लिए फेस-टू-फेस कैरियर काउंसिलिंग की जाती हैं।

# राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव पूजा अर्चना के साथ मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कार्यक्रम समाज के निर्माणाधीन परशुराम भवन शिवनाथ नदी रोड में आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



इसके बाद पंडित आंनद महाराज जी द्वारा भगवान परसुराम जी की पूजा अर्चना कराई गयी, जिसमें मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, सरंक्षक लखनलाल शर्मा, रामफल शर्मा ने पूजा अर्चना की, पूजन पश्चात भगवान परशुराम जी की आरती की गयी। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान व महान व्यक्ति किसी एक समुदाय विशेष के नहीं होते इसलिए वह कभी किसी विशेष की भलाई का कार्य करते हैं। भगवान श्री परशुराम जी ने भी संत महात्माओं की रक्षा के लिए धरती को राक्षसों से मुक्त कराया था। जिनके आर्शीवाद से वह आज तक अजर व अमर हैं। सरंक्षक लखनलाल शर्मा शर्मा ने कहा कि भगवान श्री परशुराम जी ने अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए अपने जीवन को संकट में डाला और घंमडी व जनता को प्रताड़ित करने वाले राजाओं का वध कर दिया। भगवान परशुराम जयंती मनाने मात्र से भला होने वाला नहीं है हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

# मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने कोसानगर गौठान से हुई शुरूआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शहरी गौठान कोसानगर में अक्ति तिहार पर धरती माता की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सुबह 10 बजे माटी पूजन दिवस मनाया गया। महापौर नीरज पाल ने मिट्टी की उर्वरा शक्ति के पुनर्जीवन के लिए माटी पूजन दिवस मनाने का निर्देश दिया था।**



जिसके संदर्भ में आज अक्ति तिहार पर सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त प्रकाश सर्वे व एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी ने समूहों की महिलाओं के साथ मिलकर परंपरागत माटी पूजन किया गया। माटी पूजन के साथ सभापति गिरवर साहू, आयुक्त प्रकाश सर्वे व एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी ने गौठान में बीज का रोपण किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के संदेश वाचन करने बाद सभी ने धरती माता के संरक्षण के लिए शपथ ली। इस मौके पर सभापति गिरवर बंटी ने निगम क्षेत्र की जनता को अक्ति तिहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए माटी पूजन दिवस मनाने की सोच में प्रकृति व धरती के प्रति प्रेम झलकता है। इससे वर्मी कंपोस्ट, गौमूत्र व जैविक खाद के उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा।

साथ ही जैविक खाद के उपयोग से खेती भी समृद्ध होगी। पार्षद संदीप निरंकारी ने रासायनिक खाद से खेतों को होने वाले नुकसान के प्रति होने वाले नुकसान को बताया। साथ ही इससे मानव व पशुओं को हानिकारक रसायनों से मुक्त रखने का आव्हान किया। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने भी जैविक खेती के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ाने देने पर जोर दिया। जैविक व वर्मी कंपोस्ट खाद की महत्ता बताते हुए कहा कि ये खेतों में उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है, फलस्वरूप अधिक उपज की पैदावार होती है। धरा को उपजाउ व हरा-भरा बनाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा दें। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि माटी की उर्वरा शक्ति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जैविक खेती को अपनाते हुए कृषकों को प्रोत्साहित करें। आओ, हम सब धरती माता को सुरक्षित रखने जैविक खेती करने व वर्मी कंपोस्ट खाद का उपयोग करने की सौगंध लें।

# इस्पात सचिव संजय सिंह ने बीएसपी का भ्रमण कर समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।भारत सरकार के इस्पात सचिव संजय सिंह एक दिन के भिलाई प्रवास पर दिनांक 3 मई, 2022 को प्रातः भिलाई आये। इस्पात नगरी के प्रवास के दौरान इस्पात सचिव ने भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न उत्पादक इकाईयों का निरीक्षण किया और संयंत्र के निष्पादन की समीक्षा की।**



अपने संक्षिप्त प्रवास पर प्रात: भिलाई पहुंचे इस्पात सचिव श्री संजय सिंह का भिलाई निवास में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता सहित कार्यपालक निदेशक(कार्मिक एवं प्रशासन) के के सिंह ने स्वागत किया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने माननीय इस्पात सचिव श्री सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। भिलाई निवास के प्रांगण में इस्पात सचिव श्री संजय सिंह ने वृक्षारोपण भी किया। संयंत्र का अवलोकन करने श्री सिंह, भिलाई निवास से सीधे संयंत्र परिसर में सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर पहुंचे 7 इस सेंटर में संयंत्र में भ्रमण के दौरान सुरक्षा संबंधित जानकारी प्रदान की गई। संयंत्र भ्रमण के अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता सहित कार्यपालक निदेशक(वर्क्स) अंजनी कुमार भी उपस्थित रहे। संयंत्र के भ्रमण के पहले पड़ाव के रूप में नवीनत्तम और अत्याधुनिक ब्लॉस्ट फर्नेस क्रमांक 8 में पहुंच कर हॉट मेटल के उत्पादन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा। साथ ही श्री सिंह ने विभाग के युवा कर्मियों से भी बातचीत की। स्टील मेल्टिंग शाप-3 में वे इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया से रूबरू हुए। तत्पश्चात रोलिंग मिल लेबोरेट्री में उत्पादों के गुणात्मक जांच प्रक्रिया को जाना। श्री सिंह ने विश्व की सबसे लम्बी 260 मीटर रेल्स के उत्पादन करने वाली संयंत्र की अत्याधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल में लम्बी रेलपॉतों के उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन व निरीक्षण किया। संयंत्र में लौह एवं इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन और निरीक्षण करने के पश्चात् वे इस्पात भवन में निदेशक प्रभारी के सभागार में संयंत्र के उत्पादन और निष्पादन पर आयोजित बैठक में दिये गये प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संयंत्र के निष्पादन की समीक्षा की। इस बैठक में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (माइन्स एवं रावघाट), के के सिंह, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स)अंजनी कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ ए के पंडा सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधायक एवं महापौर ने अक्षय तृतीया पर माटी पूजन कर माटी तिहार दिवस मनाया, महाअभियान की शुरुवात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप तीन मई को राज्य स्तरीय अक्ती तिहार और माटी पूजन दिवस कार्यक्रम के निर्देशित किया गया,इस क्रम में आज नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत पुलगांव स्थित गोकुल नगर गौठान में अक्ती तिहार और माटी-पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,गौठान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, छ.ग राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा ने परंपरागत विधि-विधान से पूजा अर्चना कर माटी पूजन कर अभियान की शुरुवात की।**



भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने व वर्मी कंपोस्ट का उपयोग कर खेती को समृद्ध बनाने छग सरकार माटी पूजन।माटी तिहार के अवसर पर विधायक अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री के संदेश के साथ विधायक ने भुईया माता की रक्षा की शपथ भी दिलाई।

हम शपथ लेते हैं कि हम हमारी मिट्टी जिसे हम माता, भुईयां कहते हैं उसकी रक्षा करेंगे.हम अपने खेत, बगीचो और घरो में जैविक खाद का उपयोग करेंगे।हम ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे हमारी मिट्टी, पानी की सेहत खराब हो।हम हानिकारक रसायनो के कारण भूमि, जल को होने वाले नुकसान के प्रति सबको सचेत कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे।हम आने वाली पीढ़ियों के लिए साफ पानी शुद्ध हवा और उपजाऊ मिट्टी बचाएंगे की भुईया माता की रक्षा की शपथ।

कार्यक्रम के अवसर पर भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी, स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान,उपअभियंता विनोद मांझी,स्व सहायता समूह एवं गौठान की संचालक श्रीमती गायत्री ढोटे,सुरेश भारती समेत अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर ने अक्षय तृतीया अक्ति्त तिहार की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जम्मो संगवारी मन ला जोहार, जग्मो ज्ञान ता अक्ती लिहार के बधाई।आज अक्षय तृतीया है, जिसे हम लोग अक्ती तिहार के रूप में मनाते हैं।

अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षरण न हो। आज के दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है। जिस भी काम की आज शुरुआत होती है, उसकी पूर्णता निश्चित मानी जाती हैं। शादी-ब्याह के लिए भी आज के दिन मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती।अक्ती का यह दिन हमारी संस्कृति के साथ-साथ हमारी कृषि परंपरा में भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। आज के दिन से ही नयी फसल के लिए तैयारी शुरु हो जाती है। मिट्टी के गुड्डे-गुडियों की शादी की परंपरा के माध्यम से हमारे पुरखों ने इस त्यौहार को हमारी धरती से भी जोड़ा है। उनका संदेश यही था कि हमारे जीवन का मूल यही माटी है। इसे हमेशा जीवंत मानते हुए, उसका आदर-सम्मान करना चाहिए।में पिछले कुछ दशकों में हमने अपने खेतों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का बहुत ज्यादा उपयोग किया है। इससे हमारी धरती की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। हमारे अनाज विषैले होते जा रहे हैं। हमारे स्वास्थ्य को नुकसान हो रहा है। हमारे पशुओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर हो रहा है। हम इस समय जिन तौर-तरीको से खेती कर रहे हैं. वह प्रकृति की पूजा और सेवा की हमारी परंपरा के अनुरूप नहीं है।यह समय अपनी स्वस्थ्य परंपराओं की ओर लौटने का समय है। इसीलिए पुरखों के बताए रास्ते पर चलते हुए आज अक्ती के शुभ-दिन से हम छत्तीसगढ़ में माटी-पूजन महाभियान की शुरुआत कर रहे हैं। इस महाभियान में हम रासायनिक खादों और कीटनाशकों की जगह जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट और गौ-मूत्र के उपयोग को ज्यादा से ज्याद बढ़ावा देंगे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950